पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 194

ग्वालियर, शुक्रवार, 3 सितंबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

वन-टू-वन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर सरदार पटेल को पुष्पाजंलि अर्पण की

अहमदाबाद। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने आज स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर सरदार वल्लभभाई पटेल को पुष्पाजंलि अर्पण की7 बता दें कि केवडिया में कल से गुजरात प्रदेश भाजपा कारोबारी की तीन दिवसीय बैठक चल रही है7 कारोबारी बैठक में संगठन के कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह केवडिया पहुंचे हैं7 भाजपा की कारोबारी बैठक में केन्द्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला, भूपेन्द्र यादव के अलावा गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी, उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल, गृह राज्य मंत्री प्रदीप सिंह जाडेजा, गुजरात प्रदेश भाजपा प्रमुख एवं सांसद सीआर पाटील समेत नेता शामिल हैं। इस मौके पर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी में दुनियाभर के पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और परियोजनाओं के बारे में महानुभावों को अवगत कराया गया।

असम में बाढ़ से पांच की मौत, 7 लाख लोग प्रभावित

गोलपारा (ए)। असम में बाढ़ की स्थिति बिगड़ने से दो और लोगों की मौत हो गई जबकि 17 जिलों के करीब 6148 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की दैनिक बाढ़ रिपोर्ट के अनुसार बारपेटा और माजुली जिलों में बाढ़ के कारण एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई, जिससे मृतकों की कुल संख्या बढ़कर पांच हो गयी। एएसडीएमए ने कहा कि 17 जिलों में बाढ़ से 6,47,600 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। नलबाड़ी सबसे अधिक प्रभावित जिला है, इसके बाद दरांग में 1109 लाख से अधिक लोग जबकि लखीमपुर जिले में 1104 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। एएसडीएमए ने कहा कि 1,295 गांव जलमग्न हैं और पूरे असम में 39,449158 हेक्टेयर फसल क्षेत्र को नुकसान पहुंचा है। प्रशासन की ओर से राज्य के 10 जिलों में 85 राहत शिविर और वितरण केंद्र चलाए जा रहे हैं, जहां 648 बच्चों सहित 3,584 लोगों ने शरण ली है। जानकारी के मुताबिक राहत एवं बचाव अभियान में जुटी हुई विभिन्न एजेंसियों ने राज्य के विभिन्न बाढ़ प्रभावित हिस्सों से 1,617 लोगों को सुरक्षित निकाला है। राज्य के 17 प्रभावित जिलों में बारपेटा, विश्वनाथ, चिरांग, शिवसागर, सोनितपुर और तिनसुकिया शामिल हैं।

राष्ट्रपति कोविंद ने मानसून सत्र का औपचारिक रूप से सत्रावसान किया

नई दिल्ली (ए)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 31 अगस्त को राज्यसभा के मानसून सत्र का औपचारिक रूप से सत्रावसान कर दिया। राज्यसभा सचिवालय की ओर से जारी बयान में कहा कि राज्यसभा की कार्यवाही 11 अगस्त को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई थी। अब उस पर राष्ट्रपति की मुहर लग गई है। उल्लेखनीय है कि विपक्ष के जबर्दस्त हंगामे के कारण राज्यसभा को निर्धारित समय से दो दिन पहले स्थगित कर दिया था।

पीएम मोदी ने पूर्व सांसद और पत्रकार चन्दन मित्रा के निधन पर जताया शोक

नई दिल्ली (ए)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व राज्यसभा सदस्य और पत्रकार चन्दन मित्रा के निधन पर दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चन्दन मित्रा अपनी बौद्धिकता और कुशाग्रता के लिये सदैव याद किये जायेंगे। प्रधानमंत्री ने अपने ट्वीट में कहा कि ÷श्री चन्दन मित्रा जी को उनकी बौद्धिकता और कुशाग्रता के लिये हमेशा याद किया जायेगा। उन्होंने मीडिया की दुनिया के अलावा राजनीति में भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उनके निधन से दुखी हूं। उनके परिवार के लोगों और उनके प्रशंसकों के प्रति संवेदनायें। ओम् शांति!÷

पिछड़ों को जो सम्मान भाजपा ने नहीं दिया वह सपा देगी : अखिलेश यादव

लखनऊ (ए)। पिछड़ों को जो सम्मान भाजपा ने नहीं दिया वह समाजवादी पार्टी देगी यह बात सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कही। अखिलेश ने पार्टी के सहयोगी दलों को न्याय, सम्मान और सहभागिता दिलाने का आश्वासन देते हुए गुरुवार को कहा कि दलितों और पिछड़ों को जो सम्मान भाजपा ने नहीं दिया वह सपा देगी। अखिलेश ने अपने सहयोगी दल जनवादी पार्टी सोशलिस्ट की जनक्रांति यात्रा के समापन अवसर पर यहां कहा कि वह अपने सहयोगी दलों को भरोसा दिलाते हैं कि उनके लोगों को जो सम्मान भाजपा ने नहीं दिया वह समाजवादी पार्टी दिलाएगी।

यह हमारा संकल्प है कि योग और आयुर्वेद के हमारे ज्ञान का लाभ पूरी दुनिया को मिले: पीएम मोदी

नई दिल्ली (ए)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रील भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद जी की 125वीं जयंती के अवसर पर एक विशेष स्मारक सिक्का जारी किया। केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास (डोनर) मंत्री जी.किशन रेड्डी एवं अन्य गणमा-?यजन इस अवसर पर उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने परसों जन्माष्टमी और श्रील प्रभुपाद जी की 125वीं जयंती के सुखद संयोग का उ?लेख किया। पीएम मोदी ने कहा, 'ये ऐसा है जैसे साधना का सुख और संतोष एक साथ मिल जाए। 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाए जाने के बीच यह अवसर आया है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'इसी भाव को आज पूरी दुनिया में श्रील प्रभुपाद स्वामी के लाखों करोड़ों अनुयाई और लाखों करोड़ों कृष्ण भक्त अनुभव कर रहे हैं। हम सभी जानते हैं कि प्रभुपाद स्वामी एक अलौकिक कृष्णभक्त तो थे ही, साथ ही वे एक महान भारत भक्त भी थे। उन्होंने देश के स्वतन्त्रता संग्राम में संघर्ष किया था। उन्होंने असहयोग आंदोलन के समर्थन में स्कॉटिश कॉलेज से अपना डिप्लोमा तक लेने से मना कर दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग के हमारे ज्ञान का पूरे विश्व में प्रसार हुआ है और भारत की सस्टेनेबल लाइफस्टाइल, आयुर्वेद जैसा विज्ञान दुनिया भर में फैल गया है। श्री मोदी ने कहा, यह हमारा संकल्प है कि इसका लाभ पूरे विश्व को मिलना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भी हम किसी अन्य देश में जाते हैं और जब वहां मिलने वाले लोग 'हरे कृष्णा' कहते हैं, तो हमें काफी अपनापन और गर्व महसूस होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें यह अहसास तब भी होगा, जब मेक इन इंडिया उत्पादों के लिए भी यही अपनापन मिलेगा। उन्होंने कहा, हम इस संबंध में इस्कॉन से काफी कुछ सीख सकते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि गुलामी के समय में भक्ति ने ही भारत की भावना को जीवित रखा था। उन्होंने कहा, विद्वान यह आकलन करते हैं कि यदि भक्ति काल में कोई सामाजिक क्रांति नहीं हुई होती तो भारत कहां होता और किस स्वरूप में होता, इसकी कल्पना करना मुश्किल है। भक्ति ने आस्था, सामाजिक क्रम और अधिकारों के भेदभाव को खत्म करके जीव को ईश्वर के साथ जोड़ दिया।

आयुर्वेद में राष्ट्र की पोषण आवश्यकता को पूरा करने की क्षमता है: मंत्री स्मृति इरानी

नई दिल्ली (ए)। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन इरानी ने महीने भर चलने वाले पोषण माह 2021 के तहत कार्यक्रमों की श्रृंखला की शुरुआत करते हुए कहा कि राष्ट्र की पोषण की आवश्यकता को पूरा करने के लिए आयुर्वेद के उपयोग के प्राचीन ज्ञान का प्रभावी ढंग से प्रयोग कैसे किया जा सकता है, इस बारे में ज्ञान प्रदान करना समय की आवश्यकता है। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने आज अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) में पोषण माह - 2021 की शुरुआत के अवसर पर पोषण वाटिका का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयुष और महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई भी उपस्थित थे। दोनों मंत्रियों ने शिगरू (सहिजन) और आंवला के पौधों का पौधारोपण भी किया। आयुष मंत्रालय के निर्देशन में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली (एआईआईए) ने पोषण माह - 2021 के उत्सव की शुरुआत की। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने आईसीएमआर के साथ सहयोगात्मक उद्यम के माध्यम से एनीमिया की घटनाओं को कम करने के लिए आयुष मंत्रालय द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने वैज्ञानिक आंकड़ों के प्रकाशन की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि दुनिया आयुर्वेद के योगदान को स्वीकार कर सके। पोषण के दो मुख्य घटक हैं, अर्थात् वहन करने योग्य और समग्र कल्याण के लिए आसानी से उपलब्धता। यहीं पर आयुर्वेद काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। उन्होंने डब्ल्यूसीडी मंत्रालय के माध्यम से स्वस्थ संतान और सरल तथा उत्कृष्ट व्यंजनों के लिए आयुष कैलेंडर को लोकप्रिय बनाने पर भी विचार किया।

डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई ने कुछ आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों जैसे शिगरू, शतावरी, अश्वगंधा, आमला, तुलसी और हल्दी के पोषण तथा औषधीय महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने मां और बच्चे की समग्र भलाई के लिए साक्ष्य-आधारित आयुर्वेद पोषण प्रथाओं को बढ़ावा देने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने स्वस्थ संतान को जन्म देने के लिए गर्भावस्था के दौरान मां के जीवन में पोषण के महत्व को भी रेखांकित किया और आयुर्वेद के उपयोग से कैसे मदद की जा सकती है।

कोयला खदानों में पानी भरने से आपूर्ति बाधित: मुख्यमंत्री

कोयला आपूर्ति में तेजी व वैकल्पिक इंतजाम से कटौती में आई कमी

भोपाल। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोयले की खदानों में पानी भरने से आपूर्ति बाधित हुई थी। कोल इंडिया को बकाया राशि का भुगतान किया जा रहा है। प्रदेश में पर्याप्त बिजली है। वैकल्पिक उपाय भी कर रहे हैं। अब संकट जैसे हालात नहीं हैं। उधर प्रदेश के गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने भी आश्वस्त ?किया है ?कि पांच से सात ?दिनों में सब ठीक हो जाएगा। मांग में कमी और आपूर्ति बढ़ने से बिजली कटौती के मामलों में भी सामान्य स्थिति आ रही है। उधर, प्रदेश में बुधवार रात साढ़े आठ बजे (अधिकतम मांग का समय) 9626 मेगावाट बिजली की उपलब्धता रही। मांग और आपूर्ति में पांच से सात फीसद का अंतर रहा। कोयले की रैक भी प्रदेश पहुंचना शुरू हो गई है। जानकारी के अनुसार, सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना के लिए वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड की ओर से चार रैक अनलोड (पहुंचाए) किए गए। दो रैक रास्ते में हैं। वहीं, साउथ ईस्ट कोलफील्ड लिमिटेड की कोरबा, न्यू कुसमंडा और देवरा से पांच रैक पहुंचने वाले हैं। सिंगरौली के लिए भी दो रैक रवाना कर दिए गए हैं।बिजली कटौती के मामले में मध्य प्रदेश के गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने मीडिया से चर्चा में कहा कि अवर्षा से नर्मदा घाटी में कम पानी व कोयले की कमी के कारण बिजली के जो हालात बने हैं, उन्हें जल्द दुरुस्त कर लिया जाएगा। मंगलवार को कैबिनेट में भी इस विषय को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इसकी गहन समीक्षा की गई। भाजपा सरकार ने ही दिग्विजय सिंह के अंधेरे राज से निकाल कर प्रदेश को रोशन किया था।

गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करो: हाई कोर्ट

नई दिल्ली (ए)। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि गाय को भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित कर दिया जाना चाहिए और इसकी सुरक्षा को हिंदुओं के मूलभूत अधिकारों में शामिल किया जाना चहिए।एक मामले की सुनवाई के दौरान इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बुधवार को कहा कि गाय को भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित कर दिया जाना चाहिए। जज ने कहा कि गाय की भारतीय संस्कृति में अहम भूमिका है और पूरे देश में इसे मां का दर्जा दिया जाता है। यह मामला 59 वर्षीय एक व्यक्ति पर मुकदमे से जुड़ा है, जिसे इसी साल मार्च में गोकशी के आरोप में उत्तर प्रदेश के संभल जिले से गिरफ्तार किया गया था। आरोपी की जमानत याचिका खारिज करते हुए जस्टिस शेखर कुमार यादव ने कहा कि गाय की रक्षा को हिंदुओं को मूलभूत अधिकारों में शामिल किया जाना चाहिए। क्या कहा हाई कोर्ट ने अपने 12 पेज के फैसले में जस्टिस यादव ने

कहा, ÷वेद और महाभारत जैसे भारत के प्राचीन ग्रंथों में गाय को महत्वपूर्ण रूप में दिखाया गया है। यही भारत की उस संस्कृति के प्रतीक हैं, जिसके लिए भारत जाना जाता है। उन्होंने कहा, ÷हालात को देखते हुए गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर देना चाहिए और गाय की सुरक्षा को हिंदू समाज का मूलभूत अधिकार बना देना चाहिए क्योंकि हम जानते हैं कि जब एक देश की संस्कृति और विश्वास को ठेस पहुंचती है तो देश कमजोर होता है। जस्टिस यादव ने आरोपी की जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि वह पहले भी गोकशी में सम्मिलित रहा है, जिसे सामाजिक सद्भाव को नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि अगर आरोपी को रिहा किया गया तो वह फिर से वही अपराध करेगा। तस्वीरें गायों की मदद को आए हेलिकॉप्टर जस्टिस यादव ने कहा, मूलभूत अधिकार सिर्फ गोमांस खाने वालों के ही नहीं होते बल्कि उनके भी होते हैं जो गायों की पूजा करते हैं और आर्थिक रूप से उन पर निर्भर हैं। जज ने देश में गोशालाओं की हालत पर भी टिप्पणी की और ऐसे लोगों पर भी गुस्सा जाहिर किया जो गोरक्षा की बात तो करते हैं लेकिन उसके दुश्मन बन जाते हैं। उन्होंने अपने आदेश में कहा, ÷सरकार गोशालाएं बनवा देती है लेकिन वहां जो लोग काम करते हैं वे गायों की देखभाल नहीं करते। इसी तरह निजी गोशालाएं आजकल बस दिखावे के लिए बनवाई जाती हैं। टिप्पणी पर प्रतिक्रिया हाई कोर्ट की टिप्पणी पर लोगों ने अलग-अलग तरह से प्रतिक्रिया की है। 'लाइव लॉ वेबसाइट के मैनेजिंग एडिटर मनु सेबास्टियान ने एक ट्वीट में कहा, ÷तीन साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से मोब लिंचिंग के खिलाफ संसद में एक कानून लाने को कहा था।

उधर कांग्रेस के राष्ट्रीय सह संयोजक मनोज मेहता ने ट्विटर पर कहा, ÷अगर हिंदुत्व के स्वयंभू ठेकेदारों में जरा भी शर्म है तो उन्हें गाय के नाम पर राजनीतिक हिंसा बंद करनी चाहिए।÷ संवेदनशील मुद्दा गाय भारत में एक संवेदनशील मुद्दा रहा है। पिछले सालों में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं जब कथित-गोरक्षकों ने गोकशी का आरोप लगाते हुए लोगों को पकड़ा और पीट-पीटकर मार डाला। मरने वालों में ज्यादातर गैर-हिंदू थे।

मोदी जी, देश में 70 सालों में कुछ नहीं हुआ तो क्या बेच रहे हैं: दिग्विजय सिंह

भोपाल (ए)। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन मुद्दे पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिग्विजय सिंह ने मोदी सरकार को घेरते हुए जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 1947 से लेकर 2014 तक राष्ट्र निर्माण में पीएसयू और पब्लिक सर्विस के जो प्रोजेक्ट बनाए हैं (बांध, रेलवे लाइन, ट्रेन, एयरपोर्ट्स) उन सबको बेचने के लिए राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन की घोषणा की। लायक बेटे और नालायक बेटे में यही फर्क होता है। दिग्विजय सिंह ने लायक बेटे और नालायक बेटे की कहानी सुनाई। उन्होंने कहा कि लायक बेटा विरासत में मिली चीजों को जोड़ता है बल्कि नालायक बेटा विरासत में मिली चीजों को बेचकर, कर्जा लेकर घी पीता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भाजपा में यही फर्क है। मोदी जी कहते हैं कि पिछले 70 सालों में कुछ नहीं हुआ और अगर कुछ नहीं हुआ तो आप बेच क्या रहे हैं? वहीं, कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक ने तीखा हमला करते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद को एक अर्थशास्त्री के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वह विफल होंगे जैसा कि वह नोटबंदी के दौरान हुए थे।



वन-टू-वन

चोरी का झूठा इल्जामः दो युवकों ने हरिवंश को मारा बका

शिवपुरी। खबर जिले के करैरा थाना क्षेत्र के करैरा कस्बे से आ रही है जहां पुरानी चोरी के झूठे इलजाम के चलते दो गुटों मे चल रही बातचीत के दौरान झगडा हो गया। झगडा इतना बढ गया कि उनमे से एक युवक की गर्दन पर आरोपी ने धारदार बके से जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। इस मामले में घायल युवक को उपचार के लिए करैरा उपस्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां युवक की गंभीर हालात को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपीयों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है। जानकारी के अनुसार पीडित हरिवंश जाटव पुत्र दयाराम जाटव उम्र 33 साल निवासी फिल्टर रोड करैरा का आरोपी छोटू, भूपेन्द्र खटीक से बातों बातों में पुरानी चोरी के शक को लेकर विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढ गया कि दोनों आरोपीयों ने एकराय होकर युवक पर बके से हमला बोल दिया। यह बका युवक की गर्दन में लगा। जिससे वह मौके पर ही गिर गया। तत्काल परिजन उक्त युवक को उठाकर अस्पताल पहुंचे और इस मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपीयों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

अज्ञात कारणों के चलते युवक फांसी पर झूला, मौत

शिवपुरी। खबर जिले के बदरवास थाना क्षेत्र के ग्राम छपरा की है। जहां गुरुवार को एक युवक की लाश अपने ही घर में फांसी के फंदे पर लटकी मिली है। इस मामले की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार प्रताप पुत्र भूरला भिलाला उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम छपरा ग्राम पंचायत सालौन थाना बदरवास अपने कमरे में सो रहा था उसके बाद वह कमरे से बाहर नही निकला, जिस पर परिजन कमरे में पहुंचे तो पता चला कि कमरे की कुंदी अंदर से बंद है। तब उन्होंने आवाज दी और जब अंदर से गेट नही खुला तो उन्होंने गेट को तोडकर अंदर देखा तो युवक फांसी पर लटका हुआ मिला। इस मामले की सूचना परिजनों ने तत्काल पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को नीचे उतार कर पीएम के लिए भेज कर मर्ग कायम कर मामला विवेचना मे ले लिया है। अब युवक ने यह कदम क्यों उठाया ये तो जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

हाईस्कूल नारही में आईटीबीपी आर टी सी ने किया वृक्षारोपण 200 से अधिक फलदार वृक्ष लगाए

करैरा। भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर करेरा द्वारा ब्लॉक करैरा के शासकीय हाई स्कूल नारही में 200 फलदार पौधों का रोपण किया गया। फलदार पौधे का रोपण आरटीसी के डीआईजी सुरेंद्र खत्री के निर्देशन में सहायक सेनानी इंजीनियर हरिमोहन सहित 15 सैनिकों के द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य मुरारी लाल जाटव, उप प्राचार्य श्रीमती ममता गुप्ता, शिक्षक दया चंद गुप्ता, रमाशंकर त्रिपाठी, रमाकांत ओझा, सिव सिंह चौधरी, सरपंच चंद्रपाल सिंह ठाकुर, पटेल रघुवीर ठाकुर, सचिव आशीष ठाकुर, धीरज ठाकुर, रमेश परिवार सहित अन्य ग्रामीण जनों के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। तथा ग्रामीणों को भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही कहा कि हरे भरे परिसर में रहने से मनुष्य निरोगी होता है और उत्तम स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है।

पुलिस आरक्षक ने दहेज के लिए अपनी पत्नि को घर से निकाला, मामला दर्ज

शिवपुरी। खबर शहर के महिला थाने की है। जहां एक महिला ने अपने ही आरक्षक पति के खिलाफ दहेज प्रताणना का आरोप लगाया है। इस मामले की शिकायत पीडिता ने पुलिस थाना महिला प्रकोष्ठ में की। जहां पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी आरक्षक और उसके परिवार जन के खिलाफ दहेज प्रताणना और मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है। जानकारी के अनुसार ववीता शर्मा पत्नि संजीब शर्मा निवासी न्यू पुलिस लाईन शिवपुरी ने शिकायत करते हुए बताया है कि उसकी शादी करैरा थाने में पदस्थ आरक्षक संजीब शर्मा के साथ हुई थी। शादी के बाद सब ठीक रहा। बीते 31 तारीक को आरोपी संजीब शर्मा और उसके भाई ने मिलकर पीडिता को दहेज के लिए मारपीट करते हुए घर से भगा दिया।

बस चालक की झपकी लगने से झांसी से इंदौर जा रही बस अनियंत्रित होकर पलटी

कई यात्री घायल, डिवाईडर पर चढ़ गई थी बस

शिवपुरी। खबर जिले के कोलारस थाना क्षेत्र की है जहाँ बुधवार की रात झांसी से इंदौर जा रही बस कोलारस थाना क्षेत्र में पडोरा के गांधी पैट्रॉल पंप के पास पलट गई। जिससे कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। लेकिन अच्छी बात यह रही कि दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। बताया जाता है कि बस चालक की झपकी लगने के कारण बस डिवाईडर पर चढ गयी थी जिस कारण बस अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना के बाद बस में सवार घायल यात्रियों को इलाज के लिए कोलारस स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। पुलिस ने घायल महिला वंदना पत्नी निर्मल जक्हर निवासी झांसी की रिपोर्ट पर से बस चालक के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार झांसी से इंदौर जाने वाली संवारिया ट्रेवर्ल्स की बस क्रमांक एमपी 32 टी 0917 बुधवार की रात में झांसी से रवाना हुई और रात 11 बजे वह पंडोरा पर स्थित होटल वेदा के पास पहुंची। उसी समय बस चालक को नींद की झपकी आ गई और इसी दौरान बस हाईवे के बीच बने डिवाईडर पर चढ़ती हुई पलट गई। जिस समय दुर्घटना घटित हुई उस समय यात्री सो रहे थे। अचानक बस पलटने से वह स्लीपर और सीटों से गिरकर घायल हो गए। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि इस दुर्घटना में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। यात्रियों को कुछ मामूली चोटें ही आई। हालांकि कुछ को ज्यादा चोटें आने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया और वह प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से चले गए। इसलिए उनके नाम ज्ञात नहीं हो सके हैं।

दुर्घटना इतनी भीषण थी कि ऑटो दो भागों में बंट गया

उज्जैन में आयशर और ऑटो की टक्कर में शिवपुरी के शर्मा दम्पत्ति घायल, मासूम पुत्री की मौत

शिवपुरी।

उज्जैन में बुधवार को एक आयशर और ऑटो के बीच हुई भीषण भिंडत में शिवपुरी के शर्मा दम्पत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि उनके साथ मौजूद उनकी 3 वर्षीय पुत्री नंदनी की दुर्घटना में मौत हो गई। घायल महेश शर्मा और उनकी पत्नी पूजा शर्मा कल सुबह ही शिवपुरी से ट्रेन द्वारा उज्जैन पहुंचे थे और जब तक वह उज्जैन में अपने घर पहुंचते तब तक उनके ऑटो में आयशर गाड़ी ने टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि ऑटो दो भागों में बंट गया। उज्जैन पुलिस ने मामले में आयशर वाहन चालक के खिलाफ भादवि की धारा 279, 337, 304ए के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। जानकारी के अनुसार शिवपुरी निवासी महेश शर्मा उम्र 35 वर्ष उज्जैन में नौकरी करते हैं। और वह अभी कुछ दिन पहले ही शिवपुरी अपने परिवार के साथ आए थे।मंगलवार को वह अपनी पत्नी पूजा शर्मा और तीन वर्षीय बेटी नंदनी शर्मा के साथ ट्रेन से उज्जैन जाने के लिए रवाना हुए और बुधवार की सुबह वह उज्जैन पहुंच गए। जहां ट्रेन से उतरने के बाद वह अपने घर देवास रोड पर स्थित शिवांश सिटी जाने के लिए ऑटो में बैठे। जहां ऑटो चालक उन्हें स्टेशन से शिवांश सिटी ले जाने के लिए रवाना हुआ। उनके घर पहुंचने से पहले ही कुछ दूर रूकमणी मोटर्स के पास सामने से आ रहे एक आयशर वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में उनकी तीन वर्षीय पुत्री नंदनी की मौत हो गई। जबकि महेश और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं ऑट ड्रायवर श्यामलाल राठौर भी इस दुर्घटना में घायल हो गया। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके पर नागझिरी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मौका मुआयना करने के बाद फरार आयशर चालक की तलाश शुरू कर दी।

दो बाइको के आपस में टकराने से दो युवक घायल

शिवपुरी। खबर जिले खनियाधाना रेडी चौराहे पर नेशनल हाईवे पर बुधवार को शाम दो मोटरसाइकिल आमने सामने टकरा गई। हादसे में घटनास्थल पर ही दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए खनियांधाना उपस्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां दोनों की गंभीर हालात को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार उत्तरप्रदेश से आ रहे युवक यशपाल परिहार ओर जीतू परिहार अपने पिता की तबीयत खराब होने के कारण अपने गांव सुलारखेड़ा देखने जा रहे थे तभी सामने से लापरवाही से आ रही मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे पुलिस आरक्षक अरुण मेवाफरोश के द्वारा तत्काल खनियाधाना स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया जहां से उन्हें शिवपुरी जिला अस्पताल रैफर कर दिया है। घायल युवको का इलाज शिवपुरी जिला अस्पताल में जारी है घायल युवक का उपचार अस्पताल में चल रहा है। बाइक सवार बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

6 साल की मासूम को पेंट खोलकर गुप्तांग दिखा रहा था आरोपी, पुलिस ने मामला दर्ज किया

प्रतिनिधि शिवपुरी।

खबर जिले के कोलारस अनुविभाग के इंदार थाना क्षेत्र के ग्राम बिजरौनी की है जहां एक आरोपी ने 6 साल की मासूम के सामने गंदी हरकत कर दी। इस मामले की जानकारी मासूम ने अपनी मां को दी जिसके बाद मां मासूम को लेकर इंदार थाना पहुंची। पुलिस ने इस मामले मे आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना मे ले लिया है। आरोपी फिलहाल फरार बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 6 वर्षीय मासूम अपने घर से किराना दुकान पर सामान लेने गई हुई थी जब वह सामान लेकर लौट रही थी तभी तालाब के पास पीपल के पेड के नीचे आरोपी गोलू किरार खडा हुआ था। जैसे ही मासूम उसके पास आई तो आरोपी ने अपना पेंट खोल कर मासूम को गुप्तांग दिखा दिखाकर गंदी हरकत करने लगा। मासूम भाग कर घर पहुंची और पूरा घटनाक्रम अपनी मां को बताया। मां अपनी बेटी को लेकर इंदार थाना पहुंची जहां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 354,3 1 डब्लू आई एससी एसटी एक्ट 11 12 पोस्को एक्ट ते तहत मामला दर्ज कर विवेचना मे ले लिया है। बताया गया है कि आरोपी मानसिक रूप से विक्षिप्त है। आरोपी फिलहाल फरार बताया जा रहा है।

मरीज बनकर डॉ के यहां आए बदमाश गनपॉईंट पर नगदी और आभूषण लूट ले गए

शिवपुरी। खबर जिले के खनियांधाना के मुहारीकलां की हैं जहाँ बुधवार की रात चार नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों ने एक डॉक्टर के घर में घुसकर 55 हजार रूपए और सोने चांदी के आभूषण लूट लिए। बदमाश मरीज बनकर डॉक्टर के घर पर आए थे और घर में प्रवेश करने के बाद बदमाशों ने अपना असली रंग दिखा दिया। बदमाशों ने डॉ. गोपाल किरसौलिया के साथ मारपीट भी की। वहीं उनकी पत्नी अंजना किरसौलिया और पुत्री अर्पिता पर कट्टा अड़ाकर धमकाया। पुलिस ने इस मामले में चार अज्ञात नकाबपोश बदमाशों के खिलाफ भादवि की धारा 394 सहित 11/13 एमपीडीपीके एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपाल किरसौलिया मुहारीकलां में निवास करते हैं और वह अपने निवास स्थान पर प्रायवेट क्लीनिक भी संचालित करते हैं। बुधवार की रात करीब 10 बजे वह अपनी क्लीनिक बंद करने के बाद घर में अंदर चले गए। इसी दौरान चार लोगों ने उनके घर का दरवाजा खटखटाया और उन्हें बताया कि उनके परिवार के एक सदस्य के पेट में काफी दर्द हो रहा है। जिस पर गोपाल ने अपने घर का दरवाजा खोलकर उन्हें अंदर बुला लिया और मरीज बने युवक की उन्होंने जांच पड़ताल की और पेट दर्द की एक गोली उसे दे दी। इसी दौरान तीन अन्य बदमाशों ने गोपाल को पकड़ लिया और उसकी मारपीट कर दी। जब उसकी पत्नी अंजना और पुत्री अर्पिता उसे बचाने आई तो बदमाशों ने कट्टे निकालकर दोनों के सिर पर रख दिए।

गोपाल का कहना है कि बदमाश कपड़े से मुंह ढके हुए थे और वह आपस में बातचीत भी कम कर रहे थे। बदमाशों ने उनकी मारपीट करने के बाद कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे 55 हजार रूपए और सोने चांदी के आभूषण जिनमें चैन, अंगूठी, करधौनी व अन्य आभूषण रखे हुए थे। जिन्हें बदमाश अपने साथ ले गए।

मनीष ने रक्तदान कर लोगों को रक्तदान करने के लिए किया प्रेरित

अभय ने हर 3 माह में रक्तदान करने की लोगो से की अपील

करैरा। युवा व्यवसाई मनीष प्रजापति ने रक्तदान कर पीड़ित महिला की जान बचाई है दरअसल अस्पताल में पीड़ित महिला को रक्त की नितांत आवश्यकता थी। उसके जान पहचान वालों से संपर्क किया गया, लेकिन रक्त उपलब्ध नहीं हो पाया। बाद में दतिया के लोक सेवा केन्द्र में सेवारत संतोष रायकवार ने दतिया के लोकप्रिय युवा समाजसेवी युवा गहोई सेना के संस्थापक जन अभियान परिषद के सदस्य व हम फाउंडेशन के प्रांतीय संयोजक अभय गुप्ता नेताजी से संपर्क किया। उनकी पहल पर मनीष प्रजापति रक्तदान करने के लिए तैयार हुए। मनीष ने दूसरी बार दोपहर 1ः00 बजे रक्तदान किया। अभय नेताजी अपने साथ रक्तदाता मनीष प्रजापति को सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे और रक्तदान कराया। उन्होंने प्रत्येक तीन माह में रक्तदान करने का संकल्प लिया। तथा रक्तदान करते हुए मनीष ने सभी लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया व रक्तदान करके सभी की मदद करे इस अवसर पर संतोष रायकवार, अभय गुप्ता नेताजी, मनीष आदि युवा उपस्थित रहे।

सपोर्ट वैपन ट्रेनिंग स्कूल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल करैरा में हिंदी पखवाड़े का शुभारम्भ

करैरा। सपोर्ट वैपन ट्रेनिंग स्कूल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, करैरा में 01 सितम्बर 2021 से 14 सितम्बर 2021 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिसका 01 सितम्बर 2021 को बड़े ही धूमधाम से शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर उप-महानिरीक्षक ए पी एस निम्बाडियाएस. डब्ल्यू.टी.एस, ने पदाधिकारियों को बधाई दी तथा सबसे अपील करते हुए कहा कि बतौर केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी यह हमारा संवैधानिक दायित्व है कि हम अपना प्रशासनिक कार्य हिंदी में करें। उन्होंने बताया कि हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग से निश्चित ही प्रशासनिक कार्यों में गतिशीलता आएगी । उन्होंने बडी ही सहज व सरल शब्दों में राजभाषा हिंदी की व्याख्या व महत्व को समझाया और कहा कि हिंदी भाषा एक समृद्ध भाषा है जिसमें भावनाओं का समावेश है । कार्यक्रम के अंत में ए.पी.एसनिम्बाडिया, उप-महानिरीक्षक एस.डब्ल्यू.टी.एस, ने सभी से अपील करते हुए कहा कि हम सब समर्पित भावना से राजभाषा नीति का पालन करें और संकल्प लें कि हम शासकीय कार्यों में अधिकतर कामकाज हिन्दी में करें।

वन-टू-वन

डीएलसीसी की बैठक आयोजित

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जेके जैन, डिप्टी कलेक्टर एवं पीओ डूडा महेश बड़ोले, एलडीएम सहित अन्य विभागों एवं बैंक के मेनेजर उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बैठक में वित्तीय समावेशन की प्रगति पर समीक्षा की उन्होंने एनआरएलएम अंतर्गत स्वरोजगार योजनाओं, उद्योग विभाग, एक जिला एक उत्पाद, खादी ग्रामउद्योग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं मे वितरण की स्थिति की समीक्षा कर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बैंकों के अधिकारियों को प्रकरण का शीघ्र स्वीकृत कर वितरण कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने विभागों एवं बैंकों के मध्य समन्वय रख कार्य कर विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को लाभ दिला शासन की मंशानुसार कार्य करें। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के संबंध में भी चर्चा कर भिण्ड जिले में योजना के कव्हरेज के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इन दोनो योजनाओं का और प्रचार-प्रसार कर इनका लाभ ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियों कि मिले।

अब देशी/विदेशी मदिरा दुकानों से मदिरा खरीदने पर ग्राहक को देना होगा बिल

भिण्ड । आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश ग्वालियर के निर्देशानुसार प्रदेश की मदिरा दुकानों से निर्धारित अधिकतम मूल्य से अधिक मूल्य पर मदिरा विक्रय किये जाने संबंधी शिकायतों के निवारण हेतु/ मदिरा क्रेता के पास मदिरा क्रय किये जाने का प्रमाण की सुलभ उपलब्धता की दृष्टि से प्रदेश की समस्त फुटकर विक्रय से संबंधित देशी/विदेशी मदिरा दुकानों से क्रेता को उसके द्वारा भुगतान की गयी राशि के अनुसार बिल दिया जाना अनिवार्य किया गया है, जिसके पालन में भिण्ड जिले में संचालित समस्त देशी/विदेशी मदिरा दुकानों से मदिरा खरीदी का बिल ग्राहक को प्रदान किया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी आरके तिवारी ने सभी मदिरा उपभोक्ताओं से अनुरोध है, कि देशी/विदेशी मदिरा खरीदी का बिल आवश्यक रूप से प्राप्त करें। यदि मदिरा उपभोक्ता को मदिरा दुकान से मदिरा खरीदी का बिल प्राप्त नहीं होता, तो इसकी शिकायत सैयद शरीफ मोहम्मद खांन, सहायक जिला आबकारी अधिकारी, जिला भिण्ड (7354914544) या संबंधित आबकारी वृत्त प्रभारी वृत्त भिण्ड क्र. 1 हरेन्द्र सिंह मावई आबकारी उपनिरीक्षक 9713898632, वृत्त भिण्ड क्र. 2 राव कोक सिंह आबकारी उपनिरीक्षक 9406935075, वृत्त मेंहगांव नरेन्द्र कुमार प्रजापति आबकारी उपनिरीक्षक 6264608961, वृत्त गोहद हरेन्द्र सिंह मावई आबकारी उपनिरीक्षक 9713898632 एवं वृत्त लहार अजीत यादव आबकारी उपनिरीक्षक 8770566082) से तत्काल करें।

9 लीटर देशी प्लेन मदिरा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

भिण्ड। बरोही थाना क्षेत्र के ग्राम लावन में एक युवक अवैध शराब की बिक्री कर रहा था, मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया और उसके पास से 9 लीटर शराब जब्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार प्रदीप पुत्र धीरसिंह नरवरिया उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम लावन जो गांव में अवैध शराब की बिक्री कर रहा था, मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी के पास से देशी प्लेन मदिरा 9 लीटर शराब, कीमत 5 हजार रुपये की जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

घर के बाहर खेल रही किशोरी ट्रेक्टर ने मारी टक्कर, पैर हुआ फैक्चर

भिण्ड। रौन थाना क्षेत्र के ग्राम छोटी मोरखी में एक 12 वर्षीय बच्ची घर के बाहर खेल रही थी, इसी दौरान एक ट्रेक्टर के चालक ने तेज व लापरवाही से चलाकर उसके पैर पर चढ़ा दिया, जिससे पैर फेक्चर हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार जगतपाल पुत्र जयराम बघेल निवासी छोटी मोरखी ने बताया उसकी 12 वर्षीय बेटी प्रियंका बघेल बुधवार दोहपर 3 बजे घर के बाहर खेल रही थी इसी दौरान आरोपी चालक ने लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

बच्चों के झगड़ा में चार लोगों पर मामला दर्ज

भिण्ड। रावतपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम बरुआ में बच्चों को लेकर झगड़ा हो गया, जिसमें चार लोगों ने एकराय होकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपीगणों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार बुधवार शाम 7 बजे बुद्धसिंह पुत्र मोतीलाल बघेल उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम बरुआ थाना रावतपुरा ने बताया बच्चों को लेकर उसी गांव निवासी श्याम बघेल, धांसू बघेल, पप्पू बघेल, केदार बघेल ने एकराय होकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकातय पर आरोपीगणों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

कलेक्टर ने हृदय, टीबी, अन्य बीमारी के कारण कोविड टीकाकरण नहीं करवा रहे व्यक्तियों को प्रेरित कर टीकाकरण करवाया

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने रौन क्षेत्र के ग्राम गोरई, मानगढ़ में चल रहे कोविड टीकाकरण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीण व्यक्तियों से ग्राम में टीकाकरण के संबंध में जानकरी प्राप्त की। इस दौरान उन्हें पता चला कि ग्राम में तीन व्यक्ति हृदय, टीबी एवं अन्य बीमारी के कारण कोविड टीकाकरण नहीं करवा रहे हैं।

कलेक्टर ने ऐसे व्यक्तियों को मिलकर समझाया कि आपको कोविड़ टीकाकरण कराना आवश्यक है यह पूर्णरूप से सुरक्षित है, यह आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएगा और आपको कोरोना संक्रमण से बचाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों का कोविड़ टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है क्योंकि गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों को कोरोना संक्रमण ज्यादा गंभीर और खतरनाक साबित होता है। कलेक्टर के समझाने पर ऐसे सभी व्यक्तियों ने केन्द्र पर कोविड टीकाकरण करवाया।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने आम नागरिकों से अपील कर कहा कि सभी लोग अपने नजदीकी टीकाकरण केन्द्र पर जाकर टीका अवश्य लगवाएं और जिन लोगों ने पहला टीका लगवा लिया है वे लोग दूसरा टीका नियत समय पर टीकाकरण केन्द्र पर आकर लगवाएं। ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत कर्मी, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सभी सहयोग करें और शत-प्रतिशत लोगों को टीका लगवाने के लिए टीकाकरण केन्द्र पर आने के लिए प्रेरित करें।

विधायक, कलेक्टर ने कोविड-19 वैक्सीन टीकाकरण के संबध में पूर्व पार्षदों की बैठक ली

भिण्ड । क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह एवं कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने नगर पालिका भिण्ड में कोविड-19 वैक्सीन टीकाकरण के संबंध में पूर्व पार्षदों की बैठक लेकर सभी पूर्व पार्षदों से कोविड-19 वैक्सीन टीकाकरण में उनके संबंधित वार्डों में टीकाकरण से शेष सभी 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का टीकाकरण करायें। उन्होंने पूर्व पार्षदों से कहा कि वार्डों में जाकर टीकाकरण से शेष रहवासियों को टीकाकरण कराने की समझाईश दें, उन्होंने कहा कि भिण्ड नगरीय क्षेत्र में 18 वर्ष से अधिक आयु का ऐसा कोई व्यक्ति ना बचे जिसका टीकाकरण ना हुआ हो। क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने कहा कि सभी पूर्व पार्षद वार्डो का भ्रमण कर लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें, टीकाकरण हेतु जिन व्यक्तियों पर आधार कार्ड या वोटर कार्ड नहीं है उनका समग्र परिवार आईडी के माध्यम से टीकाकरण किया जा सकता है, साथ ही बुखार को छोड़कर शेष समस्त बीमारियां होते हुए भी टीकाकरण कराया जा सकता है इस हेतु भी समझाइश दें।

नेशनल हाइवे को टू लेन से फोर लेन करने हेतु सिंधिया ने केंद्रीय सड़क मन्त्री गडकरी को पत्र लिखा

- सिन्धिया द्वारा किये गए प्रयास के लिए किया धन्यवाद ज्ञापित

भिण्ड। भाजपा मध्य प्रदेश के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रमेश दुबे ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के दिल्ली स्थित दफ्तर पहुंच कर सौजन्य भेंट की एवं भिंड-ग्वालियर हाइवे को फोरलेन किये जाने हेतु एक पुनः स्मरण पत्र सौंपा। डॉ दुबे ने सिंधिया को पत्र सौंपते हुए बताया कि वर्तमान में भिण्ड ग्वालियर नेशनल हाइवे क्रमांक 719 पर यातायात का दवाब बहुत अधिक है, आये दिन सड़क हादसों की संख्या में बेहताशा वृद्धि हुई है जिसकी वजह से जिले के युवा,व्यापारी एवं आमजन असमय काल कलवित हो रहे हैं, अभी हाल ही में कुछ दिन पहले जिले के एक होनहार युवा पत्रकार एवं एक काबिल युवा डॉक्टर का भीषण सड़क हादसे में असमय निधन हो गया था,जिसकी वजह से पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गयी थी।

डॉ दुबे ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है जिस पर लगाम लगा पाना बेहद मुश्किल होता जा रहा है, ऐसे में उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग को टू लेन से फोर लेन बनाये जाने की नितांत आवश्यता है,इसके अलावा अन्य कोई विकल्प शेष नहीं दिखाई दे रहा है, अतः उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग 719 को टू लेन से फोर लेन में बदलने हेतु भिण्ड की अवाम की इस मांग को पूरा करने के लिए निवेदन किया। डॉ दुबे की मांग को गम्भीरता से समझकर संज्ञान में लेते हुए केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर डॉ रमेश दुबे द्वारा उठाई गई भिण्ड जिले की अतिआवश्यक मांग को जल्द से जल्द पूरा करने एवं उक्त राजमार्ग को फोरलेन में बदलने के लिए पत्र लिखा है। डॉ दुबे ने उक्त हाइवे को फोरलेन बनाए जाने हेतु श्रीमंत सिंधिया के द्वारा उठाये गए इस कदम के लिए समूचे भिण्ड की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

खिलाडी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खेल अकादमियों में अपना स्थान बनाए : कलेक्टर

कलेक्टर ने टैलेंट सर्च फिजीकल टेस्ट का किया निरीक्षण

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने एसएएफ बटालियन ग्राउंड पहुंच टैलेंट सर्च अभियान अंतर्गत पंजीयन के उपरांत जिले स्तर पर खिलाड़ियों का फिजिकल टेस्ट के माध्यम से विभिन्न चयन स्पर्धाओं के आयोजन में टेलेन्ट सर्च प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों में उत्साह देखा। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनायें दीं कि वह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खेल अकादमियों में अपना स्थान सुनिश्चित करें। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहा कि बच्चों को यदि सुविधा मिल जाए तो वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। गांवों में रहने वाले बच्चों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिले तो एक से एक होनहार बच्चे प्रतिभा दिखा सकते हैं। उन्होने कहा कि सरकार खिलाड़ियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल की सुविधा भी प्रदान कर रही है। टैलेंट सर्च में अपने प्रतिभा दिखाने वाले बच्चों को प्रदेश में संचालित खेल अकादमी में प्रवेश मिलेगा।

मेहगांव विधानसभा के 260000 मतदाता ही मेरा परिवार है उनकी सेवा करना मेरा लक्ष्य है : ओपीएस

मेहगांव। ग्राम पंचायत पचेरा के बहारपुरा में आज मध्यप्रदेश सरकार के राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया विधायक और मंत्री बनने के बाद प्रथम बार पधारे मंत्री का ग्रामीणों ने गरम जोशी के साथ स्वागत किया इस अवसर पर राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया ने कहा कि मेंहगांव विधानसभा के दो लाख साठ हजार मतदाता ही मेरा परिवार है उनकी सेवा करना मेरा लक्ष्यहै मध्यप्रदेश सरकार दलित असहाय और गरीबो के हित में काम कर रही हैं हाल ही में मुख्यमंत्री जी ने छात्राओं के लिये एक घोषणा की है। चाहे किसी भी वर्ग की बालिका हो जैसे ही इंटर पास करके कॉलेज में प्रवेश करेगी उसे मध्यप्रदेश सरकार बीस हजार रुपये एक मुश्त देगी बाहरपुरा में नवीन आंगनवाड़ी और गांव की सड़क को मैंन रोड से जोड़ने के लिए पत्रकारों से कहा कि इस कार्य को मुख्यमंत्री जी को अवगत कराएंगे एवं इसे जल्द से जल्द पूरा कराएंगे इसी क्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच बंटी त्यागी ने कहा कि में अपनी ग्राम पंचायत के विकास कार्य के लिये कोई भी कसर नही छोड़ूंगा इसी कार्यक्रम के साथ मे मंत्री ओपीएस भदौरिया ने बक्षोरोपड किया इस अवसर पर बंटी सरपंच सोनू परिहार उमेश समाधिया पूर्व सरपंच घिडोरा रज्जन सिंह भदौरिया मानहढ़, पूर्व सरपंच रमेश भारद्वाज, पतलोखरी सुवम शर्मा, सोनी निर्मल आर्य, पूर्व नगरपरिषद अध्यक्ष गोरमी, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नगरपालिका गोहद में हटाए गए सफाई कर्मचारीयों को पुनः कार्य पर रखने के लिए यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

भिण्ड। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन तथा ह्यूमन राइट्स एंड लेवर वेलफेयर एसोसिएशन ट्रस्ट के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुड्डू संजय वाल्मीकि ने कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी महेश बडोले को स्मरण पत्र सौंपकर नगरपालिका गोहद में हटाए गए समस्त सफाई कर्मचारीयों को पुनः कार्य पर लेने की मांग की। राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट श्री वाल्मीकि ने बताया है कि नगरपालिका गोहद में 2 अगस्त को बिना किसी कारण से कार्य से हटा दिया था जिसके बाद यूनियन द्वारा नगरपालिका गोहद सीएमओ सतीश कुमार दुबे एवं एसडीएम शुभम शर्मा को ज्ञापन सौंपा था उक्त ज्ञापन पर कार्यवाही हेतु सीएमओ और एसडीएम ने 30 तारीख का समय दिया था लेकिन अधिकारियों हटाए गए सफाई कर्मचारीयों को पुनः कार्य पर रखने हेतु कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे सफाई कर्मचारीयों एवं बाल्मीकि समाज में रोष व्याप्त है स्मरण पत्र के माध्यम से एडवोकेट गुड्डू वाल्मीकि ने सीएमओ से सफाई कर्मचारीयों को हटाए जाने का कारण पूछा तो उन्होंने सफाई कर्मचारीयों को हटाने का कोई उचित कारण नहीं बताया है इससे यह प्रतित होता है कि अधिकारियों द्वारा मनमानी कर कर्मचारीयो को हटाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहां हैं की समस्या का समाधान नहीं होने पर यूनियन द्वारा शासन प्रशासन के उच्च अधिकारियों एवं मानवाधिकार आयोग, सफाई कर्मचारी आयोग तथा अनुचित जाति आयोग को अवगत कराया जायेगा। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव रूपेश पाथरे, समीर खांन, रवि वाल्मीकि, रामू, करन, संतोष, मंजु, रवि अरविंद आदि सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

बच्चे पर कुल्हाड़ी से हमला कर जान से मारने की कोशिश करने आरोपी गिरफ्तार

भिण्ड। मौ थाना अंतर्गत ग्राम गुहीसर में 2 दिन पूर्व मंगलवार शाम को विक्की पिता रघुबीर खटीक उम्र 16 साल को गांव के ही व्यक्ति ने कुल्हाड़ी के द्वारा जान से मारने की कोशिश की परंतु मौ थाना पुलिस और थाना108 इमरजेंसी एंबुलेंस के पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी की तत्परता से उस बच्चे को समय पर ग्वालियर जय रोग अस्पताल पहुंचाकर बच्चे की जान बचाई, उस नब किशोर विक्की के हमलावर को पुलिस ने गुरुवार सुबह मुखबिर की सूचना के आधार पर 307 के गंभीर आरोपियों को गिरफ्तार करने गांव पहुंचे, जिसमे रविंद्र पिता रामअवतार जाति खटीक दूसरी महिला आरोपी इंद्रा पति रघुनाथ जाति खटीक को, गांव से पकड़ कर थाना लाई, हमलावर ने अपना आरोप कबूल कर लिया है और उसने बताया कि किस तरह उसने घटना को अंजाम दिया।

इनकी रही सराहनीय भूमिका

मौ थाना पुलिस के नगर निरीक्षक शिव सिंह यादव, सब इंस्पेक्टर (ह्य,ढ्ढ,) उपेन्द्र धाकड़,नितेश मावई,ड्डह्यद्ब, विनोद सोलंकी, ए.एस.आई, नेतराम, प्रधान आरक्षक सुभाष,अजय शर्मा आरक्षक जितेंद्र यादव,आरक्षक गंधर्व गुर्जर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 307 की आरोपियों को समय रहते पकड़ कर थाने लाया गया।

दलित महिला के साथ छेड़छाड़ चार युवकों पर मामला दर्ज

भिण्ड। महिला थाने में एक आवेदन पहुंचा है जिसमें एक दलित महिला को विगत वर्ष से परेशान किया जा रहा था, जिसकी शिकायत लेकर डीएसपी पूनम थापा के पास पहुंची और उसने बताया मेरे साथ छेड़छाड़ करते हुए गाली-गलौज किया और जाति सूचक गालियां दी। पुलिस ने मामले की जांच उपरांत चार आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार 36 वर्षीय महिला निवासी चार घर का पुरा हाल-मीरा कॉलोनी ने बताया विगत 7 अगस्त सुबह 11.30 बजे ग्राम चंदूपुरा नहर के पास भारौली से वह गुजर रही थी इसी दौरान आरोपी निगम ठाकुर उर्फ अज्जू राजावत, हंसराज प्रजापति, कृष्णा परिहार, जितेन्द्र सिंह निवासीगण भिण्ड ने पुरानी रंजिश के चलते उसका रास्ता रोककर जाति सूचक गालियां दी और छेड़छाड़ करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत एक की मौत दूसरा घायल

भिण्ड। जिले के ऊमरी थाना क्षेत्र में ग्राम परसोना के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक कचोगरा निवासी रामअवतार पुत्र हुकुम सिंह भदौरिया और बंटी उर्फ देवेंद्र पुत्र मुन्ना रूप सिंह भदौरिया, दोनों बाइक से रूपसाय के पुरा से परसोना जा रहे थे, तभी ग्राम परसोना के नजदीक चारघर के पुरा के पास सामने से आती हुई बाइक में टक्कर हो गई। घटना सुबह 9:30 बजे की बताई जा रही है। भिड़ंत इतनी तेज थी कि रामअवतार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं बंटी उर्फ देवेंद्र को गंभीर अवस्था में डायल-100 की मदद से जिला चिकित्सालय भिजवाया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम करा कर परिजनों को सौंप दिया।

महंगाई की मार

देश की तेल कंपनियों ने 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में 25 रुपए का इजाफा किया है। वहीं 19 किलोग्राम कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 75 रुपए का इजाफा हुआ है। इस वक्त महंगाई पर काबू पाना सरकार के लिए चुनौती बना हुआ है। उस पर पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और प्राकृतिक गैस की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अब लगभग पूरे देश में पेट्रोल की कीमत सौ रुपए से ऊपर पहुंच गई है। डीजल भी उसी के नक्शे-कदम पर चल रहा है। कुछ दिनों पहले ही रसोई गैस के सिलेंडर की कीमत में भारी बढ़ोतरी की गई थी। अभी प्राकृतिक गैस यानी सीएनजी और पाइप के जरिए घरों में पहुंचाई जाने वाली रसोई गैस यानी पीएनजी की दरों में भी इजाफा कर दिया गया है। स्वाभाविक ही, इसका असर आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ रहा है। कोरोना काल में बाजार, कारोबार, उद्योग-धंधे बंद होने की वजह से लाखों लोगों के रोजगार छिन चुके हैं, लाखों लोगों की वेतन वाली नौकरियां जा चुकी हैं, निजी संस्थानों में कर्मचरियों के वेतन में भारी कटौती की गई है, जो फेरी लगाने, मिस्त्रीगीरी, इधर से उधर सामान पहुंचाने वगैरह का काम किया करते थे, उनके धंधे में भारी गिरावट आई है। ऐसे में देश के हर वर्ग के सामने अपने दैनिक खर्च में संतुलन बिठाना मुश्किल हो रहा है। तिस पर पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस आदि की ऊपर चढ़ती कीमतें उनकी चुनौतियां और बढ़ा रही हैं। ईंधन की कीमतें बढ़ने से रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली दूसरी वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ती हैं। उनकी उत्पादन लागत, ढुलाई आदि पर खर्च बढ़ जाता है, जिसे अंतिम रूप से आम उपभोक्ता को ही वहन करना पड़ता है। लोगों की कमाई लगातार घटती गई है और उनके रोज के यातायात और खाने-पीने पर खर्च बढ़ गए हैं। इसके अलावा बच्चों के स्कूल की फीस, उनकी पढ़ाई-लिखाई से जुड़े दूसरे खर्चों को संभालना मुश्किल है। स्थिति यह है कि इस वक्त महंगाई अपने चरम पर है। उसे काबू में करने के तमाम प्रयास विफल हो चुके हैं। अर्थव्यवस्था को मजबूती और टिकाऊपन तभी मिल पाएगा, जब लोगों की क्रयशक्ति बढ़ेगी और वह तब संभव होगा, जब रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। अभी स्थिति यह है कि वित्तीय कमजोरी की वजह से तमाम संस्थानों ने अपने यहां नई भर्तियों पर रोक लगा रखी है। लोगों की आय बंद या फिर कम हो गई है, इसलिए वे जरूरी खर्चों के मामले में भी मुट्ठी भींच कर चल रहे हैं। ऐसे में नए रोजगार के रास्ते संकुचित हो गए हैं। नए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए बड़े पूंजीपति घरानों के बरक्स लघु, सूक्ष्म और मंझोले उद्योगों को मजबूती से खड़ा करना बहुत जरूरी है। इसके अलावा महंगाई रोकने के उपायों पर गंभीरता से अमल करना होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि रिजर्व बैंक की समावेशिता की नीति इस दिशा में कुछ सकारात्मक परिणाम दे सकेगी। बाजार में तेजी ला पाना बड़ी चुनौती रहेगी। मगर वह वित्तीय संतुलन और समावेशिता के अपने इरादे में कुछ हद तक सफल हो पाता है, तो बड़े और छोटे उद्योगों के बीच बढ़ रही खाई को पाटने में अवश्य कुछ कामयाबी मिल सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने एक बार फिर दोहराया है कि चालू वित्तवर्ष में विकास दर साढ़े दस फीसद रह सकती है। अप्रैल की अपनी मौद्रिक नीति की समीक्षा के वक्त ही उसने यह अनुमान घोषित कर दिया था। कोरोना काल में अर्थव्यवस्था का रुख लगातार नीचे की तरफ बना रहा। उसके पहले भी चार-पांच तिमाहियों से अर्थिक विकास दर लगातार घट रही थी। इस वक्त महंगाई चरम पर है, पेट्रोल-डीजल की कीमतें काबू में नहीं आ पा रही हैं, लाखों लोगों के रोजगार छिन गए हैं।

टोक्यो पैरालिंपिक में झाझड़िया ने रचा इतिहास

रमेश सर्राफ धमोरा

टोक्यो पैरालिंपिक में भारत के देवेंद्र झाझड़िया ने पुरुषों के जैवलिन थ्रो (भाला फेंक) - एफ46 में सिल्वर मेडल जीत कर भारत का नाम रोशन किया है। सोमवार को टोक्यो ओलिंपिक में उन्होंने 64.35 मीटर भाला फेंककर चांदी का तमगा अपने नाम किया है। वहीं सुंदर सिंह गुर्जर ने इसी इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। उन्होंने 64.01 मीटर भाला फेंका। ये दोनो ही खिलाड़ी राजस्थान के है। झाझड़िया ने शुरुआत में सिर्फ 60 मीटर भाला फेंका। इसके बाद उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में 64.35 मीटर भाला फेंका। इसके साथ ही भारत की पदक की उम्मीद जिंदा हो गई। चौथे और पांचवें थ्रो में भारतीय पैरा-एथीलट का थ्रो फाउल रहा। उनका आखिरी थ्रो 61.23 मीटर का रहा। सुंदर ने भी धीमी शुरुआत की लेकिन अपने पांचवें प्रयास में 64 मीटर को पार किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने देवेन्द्र झाझड़िया व सुन्दर गुर्जर को उनके पदक जीतने पर बधाई दी है।

जैसे ही देवेन्द्र के रजत पदक व सुन्दर गुर्जर के कांस्य पदक जीतने की सूचना मिली तो हर ओर बधाई संदेश मिलने शुरू हो गए। देवेंद्र झाझड़िया ने टोक्यो पैरालंपिक में 64.35 मीटर का अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो करते हुए सिल्वर पदक जीता है। इसी के साथ ही देवेंद्र झाझड़िया के पास अब पैरालंपिक में पदकों की संख्या तीन हो गई है।

राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र के चूरू जिले के देवेन्द्र झाझड़िया अब तक दर्जनों पदक अपने नाम कर चुके हैं। 2004 में एथेंस पैरालंपिक में देवेन्द्र ने 62.15 मीटर भाला फेंककर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। इस बाद देवेन्द्र ने रियो पैरालंपिक-2016 में अपना ही बनाया विश्व रिकॉर्ड तोड़ते हुये 63.97 मीटर भाला फेंककर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया था।

कतर की राजधानी दोहा में सम्पन्न हुये आईपीसी 2015 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के जैवलिन थ्रो (भाला फेंक) में भारत की और से देवेन्द्र झाझड़िया ने रजत पदक जीत कर भारत का मान बढ़ाया था। यह स्पर्धा पैरा ओलंपिक के बाद विश्व की सबसे बड़ी प्रतियोगिता मानी जाती है। इससे पूर्व झाझड़िया ने 2013 में फ्रांस के लियोन शहर में आईपीसी विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने फ्रांस के लियोन में सम्पन्न हुयी विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जैवलिन थ्रो में 57.04 मीटर दूरी तक थ्रो कर स्वर्ण पदक जीता था। विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में लगातार भारत की तरफ से पदक जीतने वाले देवेन्द्र एकमात्र खिलाड़ी है।

आठ साल की उम्र में बिजली के करंट का शिकार होकर अपना एक हाथ गंवा देने वाले देवेंद्र झाझड़िया के लिए यह हादसा कोई कम नहीं था। दूसरा कोई होता तो दुनिया की दया, सहानुभूति तथा किसी सहायता के इंतजार और उपेक्षाओं के बीच अपनी जिंदगी के दिन काटता लेकिन हादसे के बाद एक लंबा वक्त बिस्तर पर गुजारने के बाद जब देवेंद्र उठा तो उसके मन में एक और ही संकल्प था और उसके बचे हुए दूसरे हाथ में उस संकल्प की शक्ति देखने लायक थी। देवेंद्र ने अपनी लाचारी और मजबूरी को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। कुदरत के इस अन्याय को ही अपना सम्बल मानकर हाथ में भाला थाम लिया और एथेंस पैराओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत कर वो करिश्मा कर दिखाया जिसका ख्वाब हर कोई देखता है।

दराजस्थान में चूरू जिले की राजगढ़ तहसील के छोटे से गांव जयपुरिया की ढाणी में एक साधारण किसान रामसिंह के घर 10 जून 1981 को जन्मे देवेंद्र किसी परिचय के मोहताज नहीं। सुविधाहीन परिवेश और विपरीत परिस्थितियों को देवेंद्र ने कभी अपने मार्ग की बाधा स्वीकार नहीं किया। गांव के जोहड़ में देवेंद्र ने लकड़ी का भाला बनाकर खुद ही अभ्यास शुरू कर दिया। कॉलेज में पढ़ते वक्त बंगलौर में राष्ट्रीय खेलों में जैवलिन थ्रो और शॉट पुट में पदक जीतने के बाद तो देवेंद्र ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। 1999 में राष्ट्रीय स्तर पर जैवलिन थ्रो में सामान्य वर्ग के साथ कड़े मुकाबले के बावजूद स्वर्ण पदक जीतना देवेंद्र के लिए बड़ी उपलब्धि थी। देवेंद्र के ओलंपिक

स्वप्न की शुरुआत हुई 2002 के बुसान (दक्षिण कोरिया) एशियाड में स्वर्ण पदक जीतने के साथ। इसके बाद 2003 के ब्रिटिश ओपन खेलों में देवेंद्र ने जैवलिन थ्रो, शॉट पुट और ट्रिपल जम्प तीनों स्पर्धाओं में सोने के पदक अपनी झोली में डाले। देश के खेल इतिहास में देवेंद्र का नाम उस दिन सुनहरे अक्षरों में लिखा गया जब उन्होंने 2004 के एथेंस ग्रीस पैरा ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। 2006 में मलेशिया के कुआलालमपुर में आयोजित फेसपिक गेम्स में उन्होने स्वर्ण पदक जीता। 2007 के वर्ल्ड गेम्स में रजत पदक व 2009 के वर्ल्ड गेम्स में स्वर्ण पदक जीता था। देवेंद्र झाझड़िया ने दुबई में संपन्न छठी फैजा इंटरनेशनल चैंपियनशिप की भाला जैवेलियन थ्रो स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

देवेंद्र की कामियाबियों पर उन्हें 3 दिसम्बर 2004 को राष्ट्रपति ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हे सम्मानित किया था। 2004 में महाराणा प्रताप राज्य खेल पुरस्कार मिला। 29 अगस्त 2005 में अर्जुन अवार्ड से नवाजे गए। 2005 में पीसीआई उत्कृष्ट खिलाड़ी पुरस्कार मिला। 2014 में पद्मश्री और पैरा स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर अवार्ड मिला। 2016 में जीक्यू मैगजीन ने बेस्ट प्लेयर के अवार्ड से नवाजे गये। 29 अगस्त 2017 को खेलों में देश का सबसे बड़ा मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवार्ड मिला।

भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम और अपनी मां जीवणी देवी को अपना आदर्श मानने वाले देवेंद्र की झोली आज पदकों-पुरस्कारों से भरी पड़ी है और देवेंद्र कामयाबी के इस आसमान पर खड़े होकर भी अपनी मिट्टी को सलाम करते हैं। खेलों के सिलसिले में दर्जनो देशों का सफर कर चुके देवेंद्र को सुकून तक मिलता है। जब वे गांव आने के बाद अपने खेल जीवन की शुरुआत में कर्मस्थली बनी गांव के जोहड़ की मिट्टी में अभ्यास करते हैं। मई 2007 में विवाह सूत्र में बंधे देवेंद्र की जीवन-संगिनी मंजू भी कबड्डी की राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी रह चुकी हैं। साधारण परिवेश और अभावों की बहुलता से अपने हौसले के दम पर संघर्ष कर इतिहास रचने वाले राजस्थान के नूर और युवा पीढ़ी के प्रेरणा स्रोत देवेंद्र झाझड़िया भारत सरकार की ओर से राष्ट्रपति के हाथों पद्मश्री अवार्ड भी दिया जा चुका है। देवेंद्र ने अपनी यह उपलब्धि अपने माता-पिता को समर्पित करते हुए कहा कि इससे समाज के तमाम निःशक्तों का हौसला बढेगा और निःशक्तों के प्रति लोगों की धारणाओं में बदलाव आएगा।

कुछ दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ऑनलाइन बातचीत में देवेंद्र झाझड़िया ने कहा था कि जब मेरी स्पर्धा भालाफेंक को पैरालंपिक 2008 में शामिल नहीं किया गया था। उस वक्त मैंने सोचा था कि ठीक है यह 2012 में शामिल हो जायेगा। लेकिन जब 2012 में यह फिर शामिल नहीं हुआ तो मैंने सोचा कि मैं खेल छोड़ दूं। तब मेरी पत्नी मंजू ने कहा कि मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए और मैं 2016 तक खेल सकता हूं। इसलिए मैंने अपनी योजना बदल दी। 2013 में मुझे पता चला कि भालाफेंक स्पर्धा को रियो पैरालंपिक में शामिल किया गया है। फिर मैंने गांधीनगर के भारतीय खेल प्राधिकरण केन्द्र में अभ्यास शुरू किया और 2016 रियो में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता था। देवेन्द्र झाझड़िया का मानना है कि ग्रामीण इलाकों में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं हैं मगर वे प्रतिभायें सुविधाओं के अभाव में आगे नही आ पाती हैं। खिलाड़ियों के लिये आधुनिक सुविधायुक्त मैदानों की कमी व अच्छे कोच भी नहीं हैं।

राष्ट्रीय एकता में बाधक तत्व

आर्थिक और सामाजिक असमानता राष्ट्रीय एकता में बहुत बड़ी बाधा है। उस असमानता का मूल है अहं और स्वार्थ। इसलिए राष्ट्र की भावात्मक एकता के लिए अहं-विसर्जन और स्वार्थ-विसर्जन को मैं बहुत महत्व देता हूं। जातीय असमानता भी राष्ट्रीय एकता का बहुत बड़ा विघ्न है। उसका भी मूल कारण अहं ही है। दूसरों से अपने को बड़ा मानने में अहं पुष्ट होता है और आदमी अपने-आप में संतोष का अनुभव करता है। अहं का विसर्जन किए बिना जातीय भेद का अंत नहीं हो सकता। मनुष्य जन्मना मनुष्य का शत्रु नहीं है। एक पेड़ की दो शाखाएं परस्पर विरोधी कैसे हो सकती हैं? फिर भी यह कहा जाता है कि धर्म-संप्रदाय मनुष्यों में मैत्री स्थापित करने के लिए प्रचलित हुए हैं। उनमें जन्मना शत्रुता नहीं है, फिर मैत्री स्थापित करने की क्या आवश्यकता हुई? मैं फिर इस विश्वास को दोहराना चाहता हूं कि मनुष्य-मनुष्य में स्वभावतः शत्रुता नहीं है। वह निहित स्वार्थ वाले लोगों द्वारा उत्पन्न की जाती है। उसे मिटाने का काम धर्म-संप्रदाय ने प्रारंभ किया, किंतु आगे चलकर वे स्वयं निहित स्वार्थ वाले लोगों से घिर गए और मनुष्य को मनुष्य का शत्रु मानने के सिद्धांत की पुष्टि में लग गए। इस चिंतन के आधार पर मुझे लगता है कि सांप्रदायिक समस्या का मूल भी अहं और स्वार्थ को छोड़कर अन्यत्र नहीं खोजा जा सकता। इसलिए सांप्रदायिक वैमनस्य की समस्या को सुलझाने के लिए भी अहं और स्वार्थ का विसर्जन बहुत आवश्यक है। भाषा, जो दूसरों तक अपने विचारों को पहुंचाने का माध्यम है, को भी राष्ट्रीय एकता के सामने समस्या बनाकर खड़ा कर दिया जाता है। अपनी भाषा के प्रति आकषर्ण होना अस्वाभाविक नहीं है। पर हमें इस तथ्य को नहीं भुला देना चाहिए कि मातृभाषा के प्रति जितना हमारा आकषर्ण होता है।

पैरालम्पिक टेबल टेनिस में पदक जीतने वाली पहली खिलाड़ी हैं भाविना

योगेश कुमार गोयल

नारी शक्ति के लिए प्रेरणा है भाविना की जीत

भारत की नारी शक्ति विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने के अलावा अब खेलों में भी लगातार इतिहास रच रही है और देश की आधी आबादी को अपने-अपने क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए पूरी हिम्मत और हौंसला प्रदान कर रही है। पिछले दिनों टोक्यो ओलम्पिक में भारत की महिला हॉकी टीम भले ही पदक जीतने में सफल नहीं हो सकी थी किन्तु सभी महिला खिलाड़ियों ने जिस बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया था, उससे समूचा राष्ट्र उनका मुरीद हो गया। ओलम्पिक में मीराबाई चानू, पीवी सिंधु तथा लवलीना बोरगोहेन ने तो पदक जीतकर खेलों की दुनिया में नारी शक्ति की बढ़ती ताकत का स्पष्ट अहसास कराया ही था। महिला खिलाड़ी ओलम्पिक के अलावा अन्य अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में भी शानदार प्रदर्शन कर रही हैं और अब 29 अगस्त को गुजरात के एक गांव में छोटी सी परचून की दुकान चलाने वाले हंसमुखभाई पटेल की 34 वर्षीया बेटी भाविना बेन पटेल ने टोक्यो पैरालम्पिक में भारत के लिए पहला पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। पैरालम्पिक खेलों में पदक जीतने वाली भाविना दूसरी भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। उनसे पहले पांच साल पूर्व रियो पैरालम्पिक में भारतीय पैरालम्पिक समिति (पीसीआई) की मौजूदा अध्यक्ष दीपा मलिक गोला फैंक में रजत पदक जीतकर पैरालम्पिक खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी थी।

गुजरात के मेहसाणा जिले के वडनगर के एक छोटे से गांव में 6 नवम्बर 1986 को जन्मी भाविना की यह जीत भारत की नारी शक्ति के लिए इसलिए भी प्रेरणादायी है क्योंकि जिस भाविना को शुरू से ही पदक का दावेदार ही नहीं माना जा रहा था, उसने अपने हौंसले और जज्बे की बदौलत अपने पहले ही पैरालम्पिक में रजत जीतकर इतिहास रच डाला। हालांकि पैरालम्पिक की टेबल टेनिस क्लास 4 स्पर्धा के महिला एकल

फाइनल मुकाबले में भाविना दुनिया की नंबर वन मानी जाने वाली बीजिंग तथा लंदन में स्वर्ण पदक सहित पैरालम्पिक में पांच पदक जीतने वाली और विश्व चैम्पियनशिप की छह बार की पदक विजेता चीन की झाउ यिंग से हार गई लेकिन भाविना भारत की ओर से टेबल टेनिस में पैरालम्पिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं और पैरालम्पिक के इतिहास में टेबल टेनिस स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली भी पहली भारतीय हैं। उल्लेखनीय है कि क्लास 4 वर्ग के खिलाड़ियों के शरीर में विकार मेरूदंड में चोट के कारण होता है और उनका बैठने का संतुलन सही रहता है तथा उनकी बांह और हाथ पूरी तरह से काम करते हैं।

विश्व रैंकिंग में 12वें नंबर की खिलाड़ी भाविना का सफर टोक्यो पैरालम्पिक में बहुत शानदार रहा, जो शुरूआत से ही दिग्गज मानी जाने वाली खिलाड़ियों को भी पछाड़ते हुए आगे बढ़ती रही। भाविना ने प्री-क्वार्टर फाइनल में विश्व की 8वें नंबर की खिलाड़ी को, क्वार्टर फाइनल में रियो पैरालम्पिक की स्वर्ण पदक विजेता और विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी बोरिस्लावा पेरिच रांकोविच को तथा सेमीफाइनल में चीन की स्टार खिलाड़ी और विश्व रैंकिंग में नंबर तीन मियाओ झांग को हराते हुए भारत के लिए रजत पदक जीतकर पैरालम्पिक में इतिहास रचा है। भाविका जब करीब एक वर्ष की ही थी, तभी वह पोलियो से ग्रस्त हो गई थी लेकिन परिवार के पास भाविना का अच्छा इलाज कराने के लिए पैसे नहीं थे। हालांकि जैसे-तैसे करके भाविना के पिता ने कुछ समय बीत जाने के बाद विशाखापट्टनम में उनकी सर्जरी कराई लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ तथा सर्जरी के बाद की जाने वाली एक्सरसाइज में लापरवाही बरतने के कारण भाविना सदा के लिए दिव्यांग बन गई और हमेशा के लिए उन्हें व्हीलचेयर को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना पड़ा लेकिन भाविना ने व्हील चेयर को कभी अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। उन्होंने अपने गांव में ही 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद पत्राचार से स्नातक की डिग्री भी हासिल की।

आमद कम खरचा ज्यादा लक्षण हैं मिट जाने का

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन
(सरकारी संपत्तियों की हिस्सेदारी निजीयों को)

हमारा देश पूर्व से ही बहुत ज्ञानवान और वेद पुराणों का भक्त रहा हैं और था पर वर्तमान में सब ग्रन्थ के साथ उनमे बताई बातें इतिहास के साथ पुस्तकालय कि शोभा बढ़ा रहे हैं .कारण उनमे लिखी बातें सब दकियानुशी बातें हैं और अलाभकारी भी .हमारे विद्वान् नेता कभ कभी अपने उद्बोधन में उनके कुछ बातें बोलकर अपने आप को धन्य मानते हैं हम उन्हें पढ़े लिखे मानते हैं ,पर जो बोलते हैं उससे बिलकुल विपरीत चलते हैं .पर क्या करे उनकी मजबूरी होती हैं ताकि विश्व को बता सके हम कितने समृद्ध और ज्ञानवान हैं जिनको विश्व नहीं जानता उन्हें हम बहुत पहले से जानते हैं .हमारे पिता जी के घी खाया था हमारे हाथ में खुशबू आ रही हैं।

हमारा यहाँ बहुत पुरानी कहावत हैं कि आपने पूरा धन पाखाना बनाने में लगा दिया तो खाओगे क्या .जिसको कभी कभी कहते हैं आमदनी अठ्ठन्नी और खर्चा रुप्या .हमारी लोक प्रिय जनकल्याणकारी भारत सरकार इस समय अपनी सम्पत्तियों को बेचकर देश के विकास में खर्च करना चाहती हैं .हमारे यहाँ यह भी कहा जाता हैं कि जब मनुष्य पर विपत्ति आती हैं तब वह पहले धन खरच करता हैं ,फिर सोना चांदी बर्तन भांडे और उसके बाद घर बेचता हैं और भरण पोषण के लिए पान की दूकान या चाय कि दूकान खोलता हैं आजकल होटल वह भी पंचतारा खोलना सरकार का गौरव माना जाता हैं। खाय न खर्चे एक छदाम तृष्णा

छाई आठों याम। रक्खा यथ्थपि अधिक निधान ,भूजी मुदां एक समान। जिस आदमी ने अपने घर में ढेर कि ढेर सम्पत्ति जमाकर रक्खी हैं पर उसे उपयोग में नहीं लाता उसमे और मुर्दे में कोई अंतर नहीं हैं ,क्योकि वह उससे कोई लाभ नहीं उठाता हैं। नहीं विचारा धर्मांधर्म काटा पेट हुए बेशर्म जोड़ा वैभव विपदा धाम आता सदा पराये काम। धर्मांधर्म का विचार न रखकर और अपने को भूखों मारकर जो धन जमा किया जाता हैं वह केवल दूसरों के काम आता हैं। हमारी सरकार ने बहुत विकास किया सड़कें .पाखाना गैस वितरण ,अन्न प्रदाय योजना,वक्सीनेशन आदि में लोकोपकार किया और उसके बदले लाखो करोड़ रूपया पेट्रोल शराब आदि से कमाए और राजस्व वसूली की ,महांगाई इस समय बहुत ही निचले स्तर पर हैं यानी पेट्रोल के अनुपात से .इस समय पेट्रो डीज़ल का दाम कम से कम दो सौ रूपया होना चाहिए,सरकार बहुत उदार हैं उसने विकास के नाम पर जनता के बदन से कपडे उतार लिए .आगामी चुनाव में विजय निश्चित हैं तो लोग बाग चड्डी बनियान पर आएंगे ,महिलाएं क्या करेंगी सरकार जाने .और उसके बाद 2029 में हम लोग दिगम्बर होकर परम्परा को बढ़ाएंगे सरकार एयर पोर्ट ,सड़क, चिकित्सालय ,स्कूल ,कॉलेज, फैक्टरियां और सुगमता से बिकने वाली सामग्रियां भी बेच सकती हैं और बेचना भी चाहिए .ये अचल वस्तुए हैं और चाहे तो चल भी बेच सकते हैं और बिकते भी हैं जैसे विधायक मंत्री आदि .वैसे जल्दी जल्दी मैं प्रधान मंत्री या वित्त मंत्री अपने पद न बेच दे .कारण मानवीय भूल होना स्वाभाविक हैं। पता नहीं पिंक क्रांति के द्वारा इतनी कमाई होने के बाद भी देश मैं गरीबी ! बेरोजगार की बात नहीं करते कारण देश मैं करीबन जितने बेरोजगार थे वे विधायक सांसद के बाद मंत्री बन गए उनसे बेरोजगारी कुछ कम हुई।

राजा को जनता पर कराधान कैसा लगाना चाहिए ?जिस प्रकार ग्वाला गाय का दूध निकालकर गाय अपने बछड़े को दूध बिना पीड़ा के पिलाती हैं उसी प्रकार राजा को प्रजा के ऊपर ऐसा कराधान लगाना चाहिए ,पर सरकार बछड़े का दूध क्या गाय के रक्त को निकालने के लिए तैयार हैं मांस चमड़ा का तो व्यापार करती हैं .धिक्कार हैं अहिंसा की बात करने वाले दिनरात हिंसा मैं व्यस्त हैं .कितना लोभ ?नाम यश के भूखे .इमारतें पेट नहीं भर सकती .कितना शोषण उसके बाद भी उदार पूर्ती नहीं .क्यों नहीं अपने पहले खर्च सीमित करे ,मितव्ययी बने .झूठी शान और नाम के पीढ़ी निरीह जनता की बलि चढ़ाई जा रही हैं।

सूडोकु नवताल- 5821

★★★★☆ मध्यम

	8	1				2	5	
2								9
5			1		7	4		
9	5			4			2	
		3	9		6	7		
	7			8			1	5
		7	2		5			1
6								7
	1	5				6	9	

Jagrutidaily.com Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -5820 का हल

5	9	4	2	3	6	1	8	7
8	7	3	1	4	5	2	9	6
6	1	2	8	7	9	3	5	4
1	6	7	9	8	2	4	3	5
3	8	5	4	1	7	6	2	9
2	4	9	6	5	3	7	1	8
7	5	6	3	9	1	8	4	2
4	2	1	5	6	8	9	7	3
9	3	8	7	2	4	5	6	1

'प्रार्थना'परमपिता परमात्मा से जुड़ने का सबसे सशक्त माध्यम है!

जगदीश गाँधी

शरीर रूपी यंत्र के माध्यम से हमें ईश्वरीय आज्ञाओं का पालन करना चाहिए– परमात्मा द्वारा दिये गये शरीर रूपी यंत्र के माध्यम से हमें ईश्वरीय आज्ञाओं का पालन करना चाहिए। परमात्मा कहते हैं कि तुम्हें जो आँखें दी हैं, वे सुन्दर व ईश्वरीय सपने देखने के लिए दी हैं। इसलिए व्यर्थ की चीजें हम अपनी इन आँखों से न देखें। किसी भी चीज को देखते हुए हमारा भाव ईश्वरीय होना चाहिए। ईश्वर कहता है कि तेरी आँखें मेरा भरोसा है। तू इसको व्यर्थ की इच्छाओं की धूल से गंदा न कर। तेरे कान मेरी पवित्र वाणी को सुनने के लिए हैं। तेरा हृदय मेरे गुणों का खजाना है। तेरे स्वार्थ रुपी हाथ कहीं मेरे खजाने को लूट न लें। तुझे हाथ इसलिए दिये हैं कि इन हाथों में ईश्वर द्वारा दिव्य लोक से भेजी गई पवित्र पुस्तकें गीता, त्रिपटक, बाईबिल, कुरान, गुरु ग्रंथ साहिब व किताबे अकदस आदि हों। तू अपने हाथों से वही कार्य कर जो ईश्वरीय आज्ञाओं तथा इच्छाओं के अनुकूल हों। इसलिए हमारी अपनी कोई इच्छा नहीं होनी चाहिए बल्कि हमें प्रभु इच्छा को ही अपनी इच्छा बनाते हुए अपने शरीर रूपी यंत्र के माध्यम से प्रभु की आज्ञाओं का पालन करना चाहिए। जो लोग प्रभु की इच्छा तथा आज्ञा को पहचान लेते हैं फिर उन्हें धरती तथा आकाश की कोई शक्ति प्रभु का कार्य करने से रोक नहीं सकती।

'प्रार्थना' परमपिता परमात्मा से जुड़ने का सबसे सशक्त माध्यम है– इस सृष्टि को सुन्दर बनाने के लिए हमें इस शरीर रुपी यंत्र का सदुपयोग करना चाहिए। इसके लिए हमारा मन तथा हृदय ईश्वरीय इच्छाओं से लबालब होना चाहिए। प्रार्थना परमपिता परमात्मा से जुड़ने का सबसे सशक्त माध्यम है। प्रभु वार्तालाप के माध्यम से हमारी आत्मा में प्रकाश आता है। ईश्वरीय प्रकाश से आत्मा के प्रकाशित होने से मनुष्य का सारा जीवन प्रकाशित हो जाता है। प्रार्थना का संबंध जीवन से अवश्य होना चाहिए। हमें प्रभु से प्रार्थना करनी चाहिए कि हे प्रभु आप मेरी सहायता करें। मेरी इच्छा तेरी इच्छा के अनुकूल हो। हमें प्रार्थना के माध्यम से अपनी इच्छाओं को ईश्वर की इच्छाओं से जोड़ना चाहिए। हमें परमात्मा से प्रार्थना करनी चाहिए कि हे परमात्मा! हम सदैव आपकी बनायी इस सृष्टि को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। ईश्वर की सृष्टि को सुन्दर बनाने के लिए अपने ज्ञान-विज्ञान तथा अनुभव का उपयोग करेंगे। इस ईश्वरीय कार्य के लिए ईश्वर की तरफ से देवदूतों की एक के बाद दूसरी, दूसरी के बाद तीसरी और इसी प्रकार तमाम आध्यात्मिक विचारों से परिपूर्ण सेनायें हमारी सहायता के लिये आ जायेगीं।

अपनी खूबसूरत और महंगी साड़ियों का ऐसे रखें ध्यान, हमेशा लगेंगी नई जैसी

साड़ियां महिलाओं की अलमारी का मुख्य हिस्सा होती हैं और इनमें कॉटन, सिल्क, जॉर्जेट, शिफॉन और नेट की साड़ियां सबसे खास हैं। जब भी महिलाएं किसी शादी के फंक्शन में शामिल होती हैं तो उनकी पहली पसंद खूबसूरत साड़ियां ही होती है। हालांकि कुछ साड़ियां काफी महंगी होती हैं और इनके रखरखाव पर खास ध्यान देने की जरूरत होती है। चलिए फिर आज तरह-तरह की साड़ियों के रखरखाव के तरीके जानते हैं।

कॉटन की साड़ी को धोने और स्टोर करने का तरीका

कॉटन की साड़ी को धोने के लिए सबसे पहले एक बाल्टी को हल्के गर्म पानी से भरें और इसमें काला नमक मिलाएं। अब साड़ी को 10-15 मिनट के लिए इस मिश्रण में भिगोकर रख दें। इसके बाद साड़ी को माइल्ड डिटर्जेंट और पानी से धोकर छाया में सुखा दें। ध्यान रखें कि कॉटन की साड़ी अन्य सभी कपड़ों से अलग धोनी है। अंत में साड़ी को ऐसी अलमारी में स्टोर करके रखें जो नमी और सीधी धूप से रहित हो।

सिल्क की साड़ी का इस तरह करें रखरखाव

अगर आप चाहते हैं कि आपकी सिल्क की साड़ी हमेशा नई बनी रहे तो इसे धोने की बजाय हमेशा ड्राई क्लीन कराएं। इसके अलावा सिल्क की साड़ी को अन्य फैब्रिक की साड़ियों के साथ रखने से बचें और इसे हमेशा एक शुद्ध सूती या मलमल के कपड़े में लपेटकर ही अलमारी में स्टोर करके रखें। इसी के साथ हमेशा हल्की गर्म आयरन से ही सिल्क की साड़ी को प्रेस करें और इस दौरान साड़ी पर पानी का छिड़काव न करें।

शिफॉन और जॉर्जेट की साड़ियों का ऐसे करें रखरखाव

बहुत सी महिलाएं शिफॉन और जॉर्जेट की साड़ियों को धोते समय गलती कर बैठती हैं जिससे इन साड़ियों के जल्द खराब होने की संभावना बढ़ जाती है। बेहतर होगा कि आप अपनी शिफॉन और जॉर्जेट की साड़ियों को ठंडे पानी और माइल्ड डिटर्जेंट के इस्तेमाल से और हल्के हाथों से रगड़ते हुए धोएं। इसके बाद इन साड़ियों को किसी हवादार जगह पर फैलाकर सुखाएं और जब ये सुख जाएं तो इनकी तह बनाकर अलमारी के किसी खांचे में अलग रखें।

नेट की साड़ी के रखरखाव का तरीका

नेट की साड़ियों को धोने की बात करें तो इन्हें भी ठंडे पानी और माइल्ड डिटर्जेंट के इस्तेमाल से धोया जा सकता है, लेकिन बेहतर होगा कि आप धोने की बजाय इसे ड्राई क्लीन कराएं। अगर आप इसे धोएं तो धोने के बाद हवादार और छाया वाली जगह पर सुखाएं। इसके अलावा नेट की साड़ी को हमेशा किसी मुलायम कपड़े के डिब्बे या फिर बैग में स्टोर करके रखें और इस पर कभी भी सेफ्टी पिन न लगाएं।

अक्षय कुमार ने किया अपनी नई फिल्म सिंड्रेला का ऐलान

पिछले कई दिनों से यह चर्चा थी कि अक्षय कुमार एक साइको थ्रिलर फिल्म करने जा रहे हैं। सुनने में आ रहा था कि बेल बॉटम के बाद उन्होंने निर्माता वाशु भगनानी की दूसरी फिल्म भी साइन कर ली है। इस फिल्म का निर्देशन भी बेल बॉटम के निर्देशक रंजीत तिवारी करेंगे। फिल्म की शूटिंग को लेकर भी खबरें सामने आई थीं। हाल ही में अक्षय ने इस खबर पर अपनी मुहर लगाई।

रिपोर्ट के मुताबिक अक्षय ने कहा, मैं हमेशा से एक साइको थ्रिलर फिल्म करना चाहता था। मैं अब इस जॉनर की फिल्म का हिस्सा हूं और इसकी शूटिंग शुरू होने वाली है। फिल्म का नाम सिंड्रेला है। यह भी सच है कि फिल्म के निर्देशक रंजीत तिवारी हैं। उन्होंने कहा, हम जल्द ही शूटिंग के लिए लंदन रवाना होंगे। मैं ज्यादा कुछ नहीं बता सकता, लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि फिल्म में सिंड्रेला का किरदार मैं नहीं निभा रहा हूं। रिपोर्टों की मानें तो अक्षय के साथ इस फिल्म में अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह नजर आएंगी, वहीं, अभिनेता इसमें एक पुलिस वाले का किरदार निभाएंगे। इसमें अक्षय बच्चों का शोषण करने वाले एक रैकेट का भंडाफोड़ करेंगे, जिसका नाम सिंड्रेला है। अगस्त के तीसरे हफ्ते से बुडापेस्ट में शूट शुरू होगा, जहां अक्षय दो गानों की शूटिंग करेंगे। इसके बाद शूट लंदन में किया जाएगा, जहां फिल्म की शूटिंग लगभग 45 से 50 दिनों तक चलेगी। चर्चा है कि यह सुपरहिट तमिल फिल्म रतसासन का हिंदी रीमेक है।

ट्रेवल पीकॉक मैगज़ीन के लिए लांच कवर गर्ल बनी तृप्ति डिमरी

तृप्ति डिमरी ने साल 2017 में फिल्म पोस्टर बॉयज के साथ अपना डेब्यू किया था लेकिन उन्हें असली पहचान उनकी फिल्म बुलबुल से मिली जो पिछले साल नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। फिल्म में उनके लुक और उनकी परफॉर्मेंस की तारीफ हर जगह हुई। तृप्ति अब बनी ट्रेवल पीकॉक मैगजीन की लॉन्च कवर गर्ल। कवर पेज शेयर करते हुए तृप्ति ने लिखा, और यह हुआ। ट्रेवल पीकॉक मैगज़ीन के लांच कवर की कवर गर्ल। इस पेज पर तृप्ति बेहद खूबसूरत लग रही है . तृप्ति जिन्हे उनकी फिल्म लैला मजनू के लिए ऑडियंस और क्रिटिक दोनों का प्यार मिला था अब धर्मा कॉर्नरस्टोन एजेंसी का हिस्सा है। यह कंपनी करण जौहर ने नए आर्टिस्ट को बढ़ावा देने के लिए शुरू की है। साल की शुरुआत में करण ने खुद तृप्ति को कंपनी का पहला आर्टिस्ट बताते हुए इंट्रोड्यूस किया था। वर्कफ्रंट पर, तृप्ति अब फिल्म कला में नजर आएंगी जो एक ऐसी लड़की की कहानी है जो अपनी माँ के प्यार को पाना चाहती है। यह कहानी बेहद ही खूबसूरत है। फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी और इसमें तृप्ति, बाबिल खान और स्वास्तिका मुखर्जी नजर आएंगे। फिल्म को अन्विता दत्त डायरेक्ट कर रही है और इसको अनुष्का शर्मा की क्लीन स्लेट फ़िल्ज़ ने प्रोड्यूस किया है। इसके साथ साथ वह धर्मा प्रोडक्शन की एक फिल्म का हिस्सा है जो एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर है। वह रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल का भी हिस्सा है जिसे संदीप रेड्डी वंगा डायरेक्ट करेंगे।

शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने गलतियां करने पर गुप्त पोस्ट साझा किए

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने अपने व्यवसायी पति राज कुंद्रा को लेकर चल रहे विवाद के बीच सोशल मीडिया पर गलतियां करने के बारे में एक गुप्त संदेश पोस्ट किया है। राज कुंद्रा एक पोर्नोग्राफी रैकेट से कथित तौर पर जुड़े होने के आरोप में रडार पर आ गए हैं। उन्हें हाल ही में कई दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

शिल्पा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक किताब का अंश साझा किया। यह सोफिया लॉरेन के एक उद्धरण के साथ शुरू होता है, जिसमें लिखा है, गलतियां उस बकाए हिस्से की तरह हैं जिसे एक पूर्ण जीवन के लिए भुगतान करना होता है। इसके बाद नोट में लिखा था,

हम इधर-उधर कुछ गलतियां किए बिना अपने जीवन को दिलचस्प नहीं बना सकते। हम आशा करते हैं कि वे खतरनाक गलतियां या गलतियां नहीं होंगी जो अन्य लोगों को चोट पहुंचाती हैं। लेकिन गलतियां होंगी। हम अपनी गलतियों को उन चीजों के रूप में देख सकते हैं जिन्हें हम भूलना चाहते हैं या अपने सबसे दिलचस्प, चुनौतीपूर्ण और उत्तेजक अनुभवों के रूप में देख सकते हैं। गलतियों के कारण नहीं बल्कि जरूरी है कि हमने उनसे क्या सीखा है। उन्होंने नोट ने निष्कर्ष निकाला, मैं गलतियां करने जा रही हूं मैं खुद को माँफ करूंगी और उनसे सीखूंगी।

46 वर्षीय अभिनेत्री के राज कुंद्रा के साथ वियान और समीशा दो बच्चे हैं। उन्होंने एक स्टिकर जोड़ा, जिसमें लिखा था, गलती की, लेकिन यह ठीक है। हालांकि, शिल्पा जिस बात का जिक्र कर रही थीं, उसका जिक्र इंस्टाग्राम स्टोरी में नहीं किया गया।

अश्विनी अय्यर तिवारी ने बताई अनकही कहानी के पीछे की कहानी

फिल्म निमार्ता अश्विनी अय्यर तिवारी अपनी आगामी रिलीज के लिए तैयार हैं। उन्होंने अनकही कहानी की कहानी की शुरूआत साझा की। अनकही कहानी एक एंथोलॉजी है जहां तीन फिल्म निमार्ता अभिषेक चौबे, साकेत चौधरी अश्विनी के साथ प्यार, लालसा और भावनात्मक यात्रा की तीन अलग-अलग कहानियों के साथ आ रहे हैं। अपनी कहानी के बारे में बात करते हुए, अश्विनी ने कहा, ऐसी बहुत सारी भावनाएँ हैं जिन्हें आप व्यक्त करना चाहते हैं लेकिन आपको कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलती है। इस मामले में एक इंसान था जिसके पास कहने के लिए बहुत कुछ था। एक वस्तु जिसे मानवकृत किया गया था। एक बिंदु के बाद, आप बस महसूस करते हैं कि वह किसी ऐसे व्यक्ति की बात सुन रही है जिसे सुनने की जरूरत है। इसलिए, अनकही भावनाओं, अज्ञात वातालांपों, अनकही अभिव्यक्तियों, एक इंसान के मन की अनकही कहानी जो खुद के साथ रहती है, सभी को व्यक्त की जाती है एक वस्तु जिसकी वह कल्पना करता है वह सब इसमें देखने को मिलने वाला है। कभी-कभी मौन अधिक बोलता है और अनकहे शब्दों का आपके साथ बातचीत करने और समझने का एक तरीका होता है जैसे कि आप एक दूसरे को लंबे समय से जानते हैं। कहानी में अभिनेता अभिषेक बनर्जी को एक पुतले के साथ उनके जटिल रिश्ते को दिखाया गया है।

स्ट्रेचिंग करते समय भूल से भी न करें ये गलतियां, लग सकती है चोट

इस बात में कोई दो राय नही हैं कि स्ट्रेचिंग करना सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है, लेकिन स्ट्रेचिंग का लाभ तभी मिलता है जब इसे सही तरह से किया जाए। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि लोग स्ट्रेचिंग के दौरान अनजाने में कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते है जिससे उनकी सेहत को लाभ की जगह नुकसान हो जाता है। चलिए फिर स्ट्रेचिंग से जुड़ी ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में जानते हैं।

स्ट्रेचिंग का तरीका सही न होना: किसी भी चीज की आधी-अधूरी जानकारी नुकसानदायक हो सकती है और यही बात स्ट्रेचिंग पर लागू होती है। दरअसल, कई लोगों को स्ट्रेचिंग की पूरी जानकारी नहीं होती और वे गलत स्ट्रेचिंग करते हैं जिससे उन्हें चोट लगने की भी संभावना हो सकती है। ऐसे में बेहतर होगा कि आपको जिस स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज के बारे में अधिक जानकारी नहीं है, उसे किसी एक्सपर्ट की निगरानी में ही करना सुनिश्चित करें ताकि आपको कोई चोट न लगे।

स्ट्रेचिंग के समय पर ध्यान न देना: अगर आपने स्ट्रेचिंग का समय निर्धारित नहीं किया है तो यह आपकी सबसे बड़ी गलती है। स्ट्रेचिंग से अधिकतम लाभ पाने के लिए इसका समय निर्धारित करने की जरूरत है। हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि अगर जल्दबाजी में स्ट्रेचिंग की जाए तो इससे शरीर में झटका आने या फिर इंजरी होने की संभावना बढ़ जाती है। वहीं, अत्याधिक स्ट्रेचिंग करने से भी बचें क्योंकि इससे मांसपेशियों में खिंचाव आ सकता है।

वार्मअप न करना- वार्मअप देखने में भले ही एक छोटी चीज लगती हो, लेकिन किसी भी तरह की एक्सरसाइज या फिर योगासनों के अभ्यास से पहले इसे करना बेहद जरूरी माना जाता है। खासतौर पर स्ट्रेचिंग से पहले क्योंकि कोल्ड मसल्स के साथ कभी भी स्ट्रेचिंग नहीं करनी चाहिए। इसलिए बेहतर होगा कि आप लाइट एक्टिविटी या वार्मअप करने के बाद स्ट्रेचिंग करें। आप चाहें तो वार्मअप के तौर पर कुछ मिनट जॉगिंग या साइकलिंग आदि कर सकते हैं।

इंजर्ड मसल्स के साथ स्ट्रेचिंग करना: स्ट्रेचिंग करते समय आप थोड़ा असहज महसूस कर सकते हैं, लेकिन अगर आपको पहले से दर्द हो रहा है या फिर स्ट्रेचिंग के दौरान दर्द महसूस हो रहा है तो समझ जाइए कि आप कुछ तो गलत कर रहे हैं। दरअसल, अगर आपकी मसल्स में पहले से ही किसी तरह की चोट लगी हुई है और आप तब भी स्ट्रेचिंग कर रहे हैं तो इससे आपकी समस्या और भी अधिक बढ़ सकती है।

सोनी सिंह की बिग बॉस में दोबारा एंट्री पर नजर

अभिनेत्री सोनी सिंह, जो वर्तमान में हीरो- गायब मोड ऑन में नजर आ रही हैं, सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले रियलिटी टेलीविजन शो बिग बॉस में फिर से प्रवेश करना चाहती हैं। वह कहती हैं, मैं बिग बॉस के 8वें सीजन के दौरान थी और लगभग एक महीने के बाद बाहर हो गई थी। उस समय मैं शो के लिए ज्यादा तैयार नहीं थी। मैं सभी के लिए अच्छी थी और खुद को व्यक्त नहीं कर सकती थी या इसके लिए स्टैंड नहीं ले सकती थी। मैं संबंध बनाने में व्यस्त थी और सभी के लिए अच्छी थी। मैं शो में फिर से प्रवेश करना चाहती हूं और अपने दर्शकों का मनोरंजन करना चाहती हूं। बनू मैं तेरी दुल्हन, घर की लक्ष्मी बेटियां, लागी तुझसे लगन जैसे कई अन्य लोकप्रिय शो में पर्दे पर ग्रे-शेड भूमिकाएं निभाने के लिए लोकप्रिय अभिनेत्री का मानना है कि वह इस शो में मनोरंजक हो सकती हैं। जैसा मैंने कहा, मेरे लिए अच्छा बैकफायर होना। अब मैं एक मनोरंजक कारक बनना चाहती हूं। मुझे लगता है कि मैं अपनी पागल गतिविधियों से लोगों को हंसाने में सर्वश्रेष्ठ हूं।

वन-टू-वन

शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर जिला शिवपुरी में वैक्सीनेशन कैंप संपन्न

राकेश परिहार रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे

9691338626

पिछोर। शासन (उच्च शिक्षा विभाग) के आदेश अनुसार महाविद्यालय में कोविड-19 संक्रमण के बचाव हेतु आदरणीय प्राचार्य डॉ केशव सिंह जी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने कोविड-19 के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए वैक्सीन लगवाई वैक्सीन लगवाने वालों में महाविद्यालय के डॉक्टर अंजू सिहारे डॉक्टर बबीता बाथम डॉ, अर्चना सिंह श्री विक्रम सिंह जी अन्य स्टाफ सहित छात्र-छात्राओं एवं अंचल के नागरिकों सहित 200 वैक्सीन डोज लगाए गए वैक्सीनेशन की तमाम व्यवस्था एवं क्रियान्वयन में मुख्य रूप से वैक्सीनेशन स्टॉप डॉ, अक्षय कुमार जैन डॉक्टर गिरीश निखरा श्री शिव तीर्थ चतुर्वेदी श्री रामकुमार प्रजापति आनंद शर्मा श्री दशरथ कुशवाहा की अहम भूमिका रही।

विकलांग ओलंपिक खिलाड़ियों को भी सामान्य खिलाड़ियों जैसा प्रोत्साहन - सौरभ बघेल

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । विकलांग बल, मध्यप्रदेश के प्रदेश सचिव शिवराज उर्फ सौरभ बघेल का कहना है कि सामान्य ओलंपिक के खिलाड़ियों और बधिर/पैरालंपिक के खिलाड़ियों के बीच बहुत भेदभाव किया जाता है। सामान्य खिलाड़ियों के लिए बड़े स्तर पर प्रशिक्षण सुविधा देश में है, जबकि विकलांग खिलाड़ियों के लिए उपकरणों का भी अभाव रहता है। इसपर भी भारतीय विकलांग खिलाड़ियों द्वारा मुश्किल प्रतिस्पर्धा में पदक जीतना देश के लिए गौरव की बात है। किंतु सरकार इस कठोर परिश्रम के विकलांगो को दिव्यांग की नज़र से देख कर कोई महत्व नहीं देती है। विकलांग खिलाड़ी अपनी विभिन्न अशक्तताओं पर अपनी जान की बाजी लगा कर खेलते हैं और देश के लिए पदक जीतते हैं। इसके लिए उन्हें सामान्य खिलाड़ियों से अधिक प्रोत्साहन मिलना चाहिए। किंतु सरकार द्वारा उनके साथ समानता का व्यवहार तक नहीं किया जाता जैसा व्यवहार सामान्य खिलाड़ियों के साथ होता है। विकलांग खिलाड़ियों की उपेक्षा सही नहीं है। विकलांगो के लिए न आयोग है, न ढंग का कानून या विभाग, और जो है, वो भी केवल दिखावे के लिए बैठता है। विकलांग नाम बदल कर दिव्यांग करने से हम अपना जीवन उसी दिव्यता से नहीं बदल सकते।

छात्रों को बगैर वैक्सिनेशन के नहीं मिलेगी कॉलेज में एंट्री

भोपाल। मध्य प्रदेश में 15 सितंबर से खुल रहे कॉलेजों में छात्रों की बिना वैक्सिनेशन के एंट्री नहीं होगी। छात्रों के लिए अनिवार्य वैक्सिनेशन का फैसला एमपी के उच्च शिक्षा विभाग ने लिया है। आदेश में कहा गया है कि छात्रों को कॉलेजों में एंट्री के लिए वैक्सीन की कम से कम एक डोज जरूरी है। छात्रों को कॉलेज के एंट्री गेट पर वैक्सिनेशन का सर्टिफिकेट दिखाना होगा। कहा गया है कि जिन छात्रों का वैक्सिनेशन नहीं हुआ है उनके लिए कॉलेजों में कैंप लगाया जाएगा। करीब डेढ़ साल बाद खुल रहे कॉलेजों में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य होगा। उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार ऑफलाइन कक्षाएं भले ही शुरू हो रही हैं लेकिन ऑनलाइन पढ़ाई भी जारी रहेगी। छात्रों पर ऑफलाइन क्लास करने का कोई दबाव नहीं है। साथ ही कॉलेजों में क्षमता से 50 प्रतिशत छात्र ही एक बार में क्लास कर सकेंगे। प्रोफेसरों के लिए भी वैक्सिनेशन अनिवार्यः मध्य प्रदेश के ज्यादातर कॉलेजों में प्रोफेसरों का वैक्सिनेशन हो चुका है। दरअसल, कॉलेज खुलने से पहले सभी प्रोफेसरों का भी वैक्सिनेशन अनिवार्य किया गया है। प्रदेशभर के 130 से ज्यादा कॉलेजों में 90 फीसदी प्रोफेसरों को वैक्सीन का फर्स्ट डोज और 50 फीसदी से ज्यादा को सेकंड डोज भी लग चुका है। बाकी बचे हुए प्रोफेसर को कॉलेज खोलने से पहले वैक्सीनेशन कराने के निर्देश दिए गए हैं। कॉलेज में लगे वैक्सिनेशन कैंप में प्रोफेसर भी वैक्सीन की डोज ले सकते हैं।

अम्बाह थाना प्रभारी योगेन्द्र जादौन के स्थानांतरण होने पर बिदाई समारोह कार्यक्रम सम्पन्न

नम आंखों से पुलिस स्टाफ एवं क्षेत्रवासियों ने दी भावभीनी बिदाई

केशव पंडित जी, पुष्पांजली टुडे

अम्बाह । थाना प्रभारी योगेन्द्र सिह जादौन को कमान सभाले हुऐ आज 333 दिन हुऐ तब से लेकर आज तक अम्बाह मैं उनका कार्यकाल सफल रहा अम्बाह क्षेत्र के अपनी अपनी बीट के प्रभारियो अपने पुलिस स्टाफ एवं स्वयं की कर्तव्य निष्ठा से समाज में दो नंबर के धंधे वालों को मुंह तोड़ जवाब देकर उजागर किया है वहीं क्षेत्र में आतंक फैला रहे माफियाओं एवं कालाबाजारी की क्लास लेकर उनके मंसूमों पर पानी फिर गया एवं उचित कार्रवाई कर पुलिस की कर्तव्यनिष्ठा व अपनी ड्यूटी को भरपूर फर्ज निभाया है। सेवाकाल में दिन-रात मेहनत की। स्थानांतरण जौरा की खबर सुनकर समस्त पुलिस स्टाफ एवं व्यापार मंडल एवं क्षेत्रवासियों की आंखें नम हो गई और उनकी और उनके बिदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें अपने

नौकरी काल मे कार्य ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठता से कम पुलिस बल होने के उपरांत अम्बाह थाने में अच्छी सेवा देने वाले थाना प्रभारी को फूल माला शॉल एवं श्रीफल व मिठाई खिलाकर पुलिस स्टाफ द्वारा एवं क्षेत्रवासी आँखों को नम कर खुशी खुशी बिदा किया गया।कार्यक्रम में जन समूह को सम्बोधित करते हुए एसडीओपी अशोक सिह जादौन ने कहा कि व्यक्ति की कार्य करने की अलग पहचान होती है हमे उस व्यक्ति के जाने के बाद उसकी कमी महशूस होती है मैने जो जिम्मेदारी दी उसका वही की वही जिम्मैदारी से काम किया। और अम्बाह वासियों व क्षेत्र वासियों को उनकी हमेशा याद आती रहेगी इस मौके पर एसआई बिबेक तोमर , नीलम यादव पुनीत दीक्षित रिषीकेश शर्मा टीडी शुक्ला एएसआई अमोल सिह बीरेन्द्र सिह टीडीएस भदौरिया प्रधान आरक्षक हवलदार सिह पुष्पैन्द्र सिह महैश शर्मा माधोसिह भारत सिह आरक्षक अर्जुन जाट, आनद्र शर्मा सतेन्द्र जीगेन्द्र दीपक पचौरी , प्रसान्त दण्डौतिया भरत सिह एवं समस्त स्टाप मौजूद रहा।

स्वर्गीय हेमंत प्रसाद पांडे जी की प्रथम पुण्य स्मृति में पुत्र नीरज पांडे ने किया विद्यालय में पौधारोपण

रितेश कटरे ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे

बालाघाट। पिता ईश्वर का रुप है। कम उम्र में पिता का साया उठ जाना उनके बच्चों के लिए बहुत ही दुखदाई होता है। और बच्चों के लिए बस यादों के सिवा कुछ नहीं होता है। पिता जी के पृथम पुण्यतिथि के अवसर पर पुत्र नीरज पांडे ने वृक्षारोपण किया। सर्व प्रथम दिवंगत पंडित हेमन्त पांडे जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया एवं पुष्प के द्वारा उपस्थित गणमान्य लोगों ने वंदन किया गया तत्पश्चात स्कूल परिसर में निरज पांडे ने स्कुल परिवार के साथ युवा संगठन के द्वारा अनेक प्रकार के छायादार फलदार वृक्षों का रोपण किया गया।

पिता परिवार के लिए वटवृक्ष - निरज पांडे

स्वर्गीय हेमंत प्रसाद पांडे जी के पुत्र नीरज पांडे ने दुःख भरे लफ्ज में कहा कि पिता परिवार के लिए वटवृक्ष की तरह होते हैं। वह बच्चों के जीवन का आधार होते हैं। वह एक उम्मीद , एक आस और विश्वास होते हैं पिता बच्चों के लिए भगवान स्वरूप होते हैं , जो उनके हर सपने को पूरा करने

की सोच रखते हैं । एक पिता का जीवन अपने परिवार के इर्दगिर्द घूमता रहता है , वह हमेशा बच्चों को खुशी देने की सोच रखते हैं , पिता बच्चों के संघर्ष में हौंसलों की दीवार है । जीवन में पिता का होना बहुत जरूरी होता है। और आज के दिन ही मैंने अपने पिताजी को खोया है। आज मेरी पहचान भी पिता से ही है। मैं सदैव पिताजी के दिखाएं गये मार्ग पर चलुंगा।

इनकी रही गरिमामई उपस्थिति

इस दौरान पुण्यतिथि की पुण्यस्मृती में किए गए वृक्षारोपण कार्य में परिजन माताजी गंभा क्षमा पांडे , पुत्री पुनम पांडे , हितेंद्र पांडे, नमिता पांडे सामाजिक कार्यकर्ता रोहित गुरु एवं शासकीय हाईस्कूल बोलेगांव के प्राचार्य श्री एल सी घोरमारे तथा सृजन युवा संगठन के अध्यक्ष रवि नारनीरे तथा शिक्षक साथी एवं संगठन के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। वहीं स्वर्गीय हेमंत प्रसाद पांडे जी के सुपुत्र निरज पांडे के द्वारा स्कुल बच्चों को स्वल्पाहार कराया गया। युवा संगठन के अध्यक्ष रवि नारनीरे,प्रशांत बापूरे,विनोद नारनीरे,हमेंद्र बुढ़ावने, राहुल आवरे,मनोज रामटेके,तथा समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित होकर प्रकृति के प्रति प्रेम निहित कर सहयोग प्रदान किया।

मलाड आईमाता मन्दिर में हुई, श्री आईमाताजी की आरती की शुटिंग

पुष्पांजली टुडे , नारायणलाल सैणवा

मुंबई– आईपंथ के धर्मगुरु माधवसिंह दीवान की आवाज में रेकॉर्डिंग की गयी आईमाताजी की आरती की शूटिंग मलाड वेस्ट के आईमाताजी मंदिर बडेर में की गयी। जिसमे समाज के कई गणमान्य लोगों के साथ साथ महिला मंडल ने बढ़चढ़ कर हिसा लिया।

माधवसिंह दीवान अपने दो दिवसीय निजी दौरे के तहत मुंबई आये थे। वो एयरपोर्ट से सीधे मलाड आईमाताजी मंदिर में गए। पहली बार मलाड बडेर में दीवान साहब के आगमन पर मलाड बडेर कार्यकारिणी व् समाजबधूओ ने आईमाताजी के जयकारों के साथ पुष्पहार पहनाकर दीवान साहब का जोरदार स्वागत किया ।मलाड बडेर में आईमाताजी के दर्शन के बाद दीवान साहब ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए कहा की आज का दिन बड़ा शुभ है आरती की शूटिंग के लिए ही सही लेकिन माताजी के इस मंदिर प्रागण में मुझे पहली बार आने का मौका मिला, आप सब से मिलने का मौका मिला बहुत अच्छा लगा। धर्मसभा के पश्चात आरडीसी मीडिया द्वारा निर्मित आईमाताजी की आरती की शूटिंग की गयी। पुरे दिन चली शूटिंग के दौरान कई फिल्मी दृश्यों को अलग अलग अंदाज में फिल्माया गया। वही शूटिंग में सीरवी समाज की महिलाओं ने अपनी पारम्परिक वेशभूषा में शानदार प्रस्तुति दी।

रानी पंचायत सामिति में प्रशासन एवं स्थापन स्थाई सामिति की बैठक आयोजित

नेनाराम सिरवी ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे

पाली।रानी पंचायत सामिति में प्रशासन एवं स्थापन स्थाई सामिति की बैठक प्रधान श्यामाकंवर मेड़तिया की अध्यक्षता में संम्पन्न गई। बैठक में विकास अधिकारी आवड़दान द्वारा निर्माण से संबंधित प्रस्तावों स्वीकृतियों ग्राम विकास अधिकारी कनिष्ठ सहायकों के स्थानांतरण संबंधी आदेशों के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किये । जिस पर उपस्थित कोरम द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। बैठक में नए हैंड पम्प खुदवाने के प्रसताव मांगे गए। बैठक के बाद अध्यक्ष द्वारा सभी का धन्यवाद अर्पित किया गया। बैठक में प्रधान श्यामकवँर,उप प्रधान शीला सिंह, दीपिका कवंर आकडावास ,विक्रम कवंर, नवरतन चौधरी, हनुमानसिंह , इंदरसिंह , तेजाराम चौधरी , राजाराम , दरिया देवी आदि उपस्थित रहे।

जानलेवा अवैध रेत खनन

आरक्षक में मारी टक्कर:एसएएफ का आरक्षक सुबह जा रहा था ड्यूटी, अवैध चंबल के रेत से भरे ट्रेक्टर ने मारी टक्कर, घायल

गौरव शर्मा रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे

मुरैना । जिले में अवैध रेत का खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार की सुबह पांचवी बटालियन का आरक्षक अपनी ड्यूटी पर जा रहा था। उसी समय अवैध रेत से भरी दो ट्रेक्टर ट्राली तेजी से गुजरी, उनमें से एक ने आरक्षक में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर ट्राली लेकर भाग गया। घायल आरक्षक को उसके साथ चलने वाले प्रधान आरक्षक ने सहारा दिया। उसे रिक्शे पर बैठाला और जिला अस्पताल लेकर आए। यहां बता दें, कि जिले में चंबल के अवैध रेत का खनन निरंतर हो रहा है। उसे रोकने की हिम्मत न तो जिला प्रशासन जुटा पा रहा है और न ही पुलिस प्रशासन। रेत खनन पर लगाम लगाना, आसान नहीं रह गया है। अवैध चंबल के रेत से भरे ट्रेक्टर ट्राली चालक बेहताशा ट्रेक्टर दौड़ाते हैं और सामने जो आ जाता है उसमें टक्कर मार देते हैं। कुछ दिनों पहले पटिया वाले बाबा रोड पर एक ट्रेक्टर ट्राली चालक ने पति-पत्नी में टक्कर मार दी थी जिससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई थी। उसके बाद आज गुरुवार को एक एसएएफ के आरक्षक को टक्कर मार दी *जान चली जाती आरक्षक की* आरक्षक विनोद सिंह पुत्र मजबूत सिंह ने बताया कि वह एसएफ की पांचवी

बटालियन में पदस्थ है। उसकी ड्यूटी मजिस्ट्रेट के बंगले पर लगी है। वह सुबह अपनी ड्यूटी पर जा रहा था। उस समय उनके साथ उनके प्रधान आरक्षक हरी सिंह यादव भी चल रहे थे। दोनों अलग-अलग अपनी मोटरसाइकिलों पर थे। वे बटालियन से निकलकर मुरैना रोड स्थित सेल टैक्स बैरियर पर पहुंचे ही थे। उसी वक्त नीले रंग का स्वराज ट्रेक्टर रांग साइड से चला आ रहा था। ट्रेक्टर की रफ्तार बहुत तेज थी। उन्होंने उसे बचाने की बहुत कोशिश की लेकिन बच नहीं सके और ट्रेक्टर चालक ने उनमें टक्कर मार दी जिससे उनकी जांघ में गंभीर घाव हो गया। जैसे ही टक्कर लगी वे बाइक से नीचे गिर पड़े। उनके गिरने के बाद ट्रेक्टर चालक ने ट्रेक्टर दौड़ा दिया और भगाकर ले गया। उनके साथ चल रहे प्रधान आरक्षक हरी सिंह यादव ने उन्हें संभाला और उन्हें रिक्शा में रखकर जिला अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर उनका इलाज किया। इलाज के दौरान उनकी जांघ में 20 टांके आए हैं। विनोद सिंह ने बताया कि इस हादसे में उनकी जान जा सकती थी क्योंकि ट्रेक्टर चालक ने सीधे टक्कर मारी थी।आरक्षक विनोद सिंह ने बताया कि वे वन विभाग की पूर्व एसडीओ श्रद्धा पंद्रे के साथ काम कर चुके हैं। वे उनके बतौर सुरक्षा गार्ड पदस्थ थे।

स्वःमनोज कुमार गर्ग कि स्मृति आयोजित रक्तदान शिविर 72 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

विनोद पाठक ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे

श्योपुर । स्व:मनोज कुमार गर्ग (आवदा)वालों कि प्रथम पुण्य के अवसर पर परिजनों द्वारा श्योपुर शहर के विजय विलास पैलेस मे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 72 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रुप से रक्तदान किया जिसमे पहली बार 50 से ज्यादा रक्तदाताओं ने शिविर मे रक्तदान किया जिन्हें आयोजक संस्था कि और से स्मृति चिंह और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया स्व:मनोज कुमार के पिता राजेंद्र प्रसाद गर्ग आवदा वालों ने बताया विगत वर्ष हमारे पुत्र मनोज का आस्मिक रुप से ब्रेन हेमरेज हो जाने के कारण हम सब को छोडकर इस दुनिया से चला गया उसकी इस प्रथम पुण्य तिथी पर हमने रक्तदान शिविर लगाने का संकल्प लिया ताकि शिविर मे एकत्रित रक्त से किसी अनजान

व्यक्ति को नया जीवनदान मिल सके उक्त रक्तदान शिविर मे 3 नारी शक्ति डॉ.लीला मित्तल, नीतू मित्तल,सोना गोयल आदि ने पहली बार रक्तदान किया इसके साथ ही योग शिक्षक दिनेश साहू 36वी बार तथा मनोज वैष्णव ने 25 वी बार रक्तदान किया रक्तदान शिविर मे स्व:मुकेश गुप्ता स्मृति सेवा न्यास अध्यक्ष महावीर गुप्ता, पुष्पा श्री फाऊंडेशन अध्यक्ष अरुण औसवाल, अग्रवाल समाज जिलाध्यक्ष नरेश जिंदल, लाइफ केयर सोसायटी अध्यक्ष डॉ.खेमचंद जैन,अडवाड सरपंच जुगल बंसल ,राष्ट्र भक्त युवा संगठन जिलाध्यक्ष संजय मंगल, पूर्व जेसीआई अध्यक्ष गजेंद्र वर्मा, नकुल जैन,सुमित सिंहल,मिथलेश मीणा, धर्मेंद्र मीणा,अमन शर्मा हनुमान प्रसाद मंगल,दीपक मोदी सहित रक्तदान शिविर के आयोजक गर्ग परिवार के परिवारिक सदस्य राजेंद्र कुमार गर्ग,आनंद गर्ग ,डॉ. सत्यनारायण गर्ग,हेमंत बिंदल,श्री मति भावना गर्ग,अवनी गर्ग दिया गर्ग, श्री मति सोनिया मंगल, श्री मति प्रियंका बिंदल,सीमा गर्ग सहित के.के गर्ग,गौरव अग्रवाल, मनीष गर्ग, प्रकाश सर्राफ, योगेश जिंदल, अजय कंजोलिया, गिरांज प्रसाद गर्ग, हनी अग्रवाल, आनंद गर्ग, बबलू गर्ग, अशोक गोयल, रिंकू मित्तल, हरि मित्तल,गोविंद गर्ग,पुनित सिंघल, जीतेंद्र अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, सुमित मोदी आदि मौजूद थे साथ ही कार्यक्रम मे ब्लड बैंक स्टाफ डॉ. मुकेश मीणा, डॉ.लक्ष्मण गुर्जर, शिवराज अटेरिया, अभिषेक मोर्य, राजकमल सुमन,भावना मिश्रा, मंजूला डाबर आदि रक्तदान शिविर मे मौजूद थी।

बाढ़ के समय रेस्क्यू द्वारा ग्रामीणों को बाहर निकालने वाली होमगार्ड टीम को किया सम्मानित

अरुण शुक्ला क्राइम ब्यूरो चंबल डिविजन

पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने जिले में बाढ़ के समय अपनी जान की बाजी लगाकर, बाढ़ में दिए गए सक्रिय सहयोग एवं पी एक्सन के माध्यम से रेस्क्यू द्वारा ग्रामीणों को बाहर निकालने वाली होमगार्ड की प्लाटून कमांडेंट सुश्री पूजा परिहार एवं उनकी टीम को कलेक्टर चेम्बर में सम्मानित किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री वरुण अवस्थी उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहा कि सेना वह नाम है, जो किसी भी नामुमकिन काम को मुमकिन कर देती है। चाहे देश की सीमा हो या देश के अंदर। सभी जगह वह आमजन की सुरक्षा का काम करती है। यह जज्बा सिर्फ सेना के पास होता है। परिस्थितियां चाहे कैसी भी हों सेना ने हमेशा आगे आकर लोगों के लिए रक्षक का काम किया है।

वन-टू-वन

'बायपास के किनारे होटल, ढाबे व अन्य निर्माणो कि हुई नप्ती और अवैध निर्माण पर लगाये निशान'

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ
दैनिक पुष्पांजली टुडे
(अवैध निर्माण स्वंय हटाये अन्यथा निगम द्वारा की जावेगी रिमूवल की कार्यवाही - आयुक्त)

इंदौर । आयुक्त सुश्री प्रतिभा पाल द्वारा इंदौर बायपास के दोनो ओर चार-चार लेन के सर्विस रोड से लगकर 45 मीटर के कन्ट्रोल एरिया में निर्मित ढाबे, रेस्टोरेन्ट, होटल, शो रूम, मैरिज गार्डन व अन्य निर्माणो का निरीक्षण किया गया तथा निगम अधिकारियो द्वारा मौके पर ही अवैध निर्माणो की नप्ती की जाकर कन्ट्रोल एरिये में किये गये अवैध निर्माण पर नप्ती उपरांत निशान लगाये गये तथा संबंधितो को आयुक्त द्वारा समाईश दी गई कि निर्माणकर्ता स्वंय किये गये अवैध निर्माण को हटा लेवे अन्यथा निगम द्वारा रिमूव्हल करने की कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण व नप्ती तथा निशान लगाने के दौरान अवैध निर्माणकर्ताओ द्वारा अवैध निर्माण हटाने के संबंध में सकारात्मक रूख रखते हुए, स्वंय निर्माण हटाने के संबंध में अवगत भी कराया गया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री संदीप सोनी, मुख्य नगर निवेशक श्री विष्णु खरे, क्षेत्रीय भवन अधिकारी, भवन निरीक्षक व अन्य उपस्थित थे। आयुक्त सुश्री पाल ने बताया कि इंदौर मास्टर प्लान में इंदौर के बायपास को भविष्य में यातायात बढने पर लेन व सर्विस लेन बढाने का प्रावधान है, जिसके लिये निगम के कन्ट्रोल एरिया के लिये खाली भूमि रखी जाना जरूरी है। इसको दृष्टिगत रखते हुए, निगम द्वारा पूर्व में बायपास के दोनो ओर निगम के कन्ट्रोल एरिया में निर्मित ढाबे, रेस्टोरेन्ट, होटल, शो रूम, मैरिज गार्डन व अन्य निर्माणो सहित कुल 650 से अधिक निमार्णों का सर्वे किया गया था, सर्वे के तहत उपरोक्त उल्लेखित निर्माणो के स्वामीधारक को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के संबंध में नोटिस जारी किये गये, जिसके उपरांत स्वामी धारको द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजो की निगम द्वारा जांच कि जाने पर पाया कि कई निर्माण नगर निगम की बिना अनुमति के किये गये है, साथ ही नियमानुसार निर्धारित उपयोग से पृथक उपयोग करना या अनूमति के विपरित गतिविधियां की जा रही है एवं टाउन एंड कन्ट्री प्लानिंग द्वारा चिंहाकित कर उनकी अनुमतियों को निरस्त/स्थगित किया गया। विदित हो कि इंदौर बायपास के दोनो ओर चार-चार लेन के सर्विस रोड पर निगम के कन्ट्रोल एरिया में निर्मित ढाबे, रेस्टोरेन्ट, होटल, शो रूम, मैरिज गार्डन व अन्य निर्माण जो कि कन्ट्रोल एरिये से 45 मीटर के अंदर बने अवैध निर्माण एवं नगर निगम की बिना अनुमति के किये गये निर्माण, नियमानुसार निर्धारित उपयोग से पृथक उपयोग करना या गतिविधियां की जा रही है एवं टाउन एंडकन्ट्री प्लानिंग द्वारा चिंहाकित कर उनकी अनुमतियों को निरस्त/स्थगित किया गया। ऐसे निर्माण कार्यो का निगम द्वारा बायपास के क्षेत्र जिनमें झोन 8, 10, 13 व 19 में सर्वे करने के निर्देश दिये गये थे। निगम द्वारा किये गये सर्वे उपरांत नियमों के विपरित किये गये 650 से अधिक निर्माण चिन्हांकित कर नोटिस जारी किये गये थे।

बारिश की विदाई की उल्टी गिनती शुरू

भोपाल। बारिश की विदाई की उल्टी गिनती शुरु हो गई है। अब बमुश्किल 20 -25 दिन ही शेष है। यदि अब भी बारिश नहीं हुई तो लोगों की परेशानी बढऩा तय है। क्योंकि इस मानूसन के सीजन में बारिश कोटा पूरा नहीं हुआ है। हालांकि मौसम विभाग की माने तो बंगाल की खाड़ी में बारिश का सिस्टम बना हुआ है। जिसके असर से प्रदेश के जिलों में कहीं-कहीं तेज या मध्यम बौछारें हो सकती है। लिहाजा लोगों की उम्मीद खाड़ी पर टिक गई है। खाड़ी में बन रहे बारिश के समीकरणों से धूप साथ बादलों की अठखेलियां जारी है। गुरुवार को सुबह से ही धूप निकली रही। बीच-बीच में बादल अठखेलियां करते नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक पोरबंदर, सूरज, जलगांव से होते हुए पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी तक मानसून ट्रफ लाइन गुजर रही है। इसके अलावा दक्षिणी गुजरात से पश्चिमोत्तर उत्त प्रदेश तक एक अन्य ट्रफ लाइन सक्रिय है। इसी के साथ कम दबाव का क्षेत्र भी बना हुआ है। इसके असर आगामी 24 घंटों में कहीं-कहीं बौछारें पड़ सकती है। बारिश थमने से वातावरण में उमस, गर्मी के साथ ही मलेरिया, डेंगू सहित सर्दी-जुकाम जैसी मौसमी बीमारियां बढ़ रही है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। हर घर में कोई न कोई बीमार है। चिकित्सों का कहना है कि अगस्त-सितंबर माह में मौसम बीमारियां बढ़ जाती है। इससे बचने के लिए घर पर आस-पास साफ-सफाई रखना जरुरी है। खान-पान भी संयम बरतना चाहिए।

मरीजों को पड रही चिकनगुनिया के साथ डेंगू की मार

भोपाल। राजधानी में मरीजों को चिकनगुनिया के साथ डेंगू भी हो रहा है। मरीजों को चिकनगुनिया के साथ डेंगू बुखार भी हो रहा है। राजधानी भोपाल में अगस्त के महीने में चिकनगुनिया के 14 मरीज मिले हैं। इनमें 8 मरीजों में डेंगू का संक्रमण भी था। दोनों बीमारियां एक साथ होने से मरीजों को ठीक होने में 15 दिन से एक महीने तक समय लग रहा है। इसके अलावा मरीज को तकलीफ भी ज्यादा होती है। विशेषज्ञों का कहना है कि डेंगू और चिकनगुनिया दोनों संक्रमण एडीज मच्छर से फैलते हैं, इसलिए मरीजों में दोनों बीमारियां देखने को मिल रही हैं। इस साल डेंगू के सबसे ज्यादा मरीज साकेत नगर में मिले हैं। यहां मरीजों की संख्या करीब 14 है। इसके बाद साकेत नगर से लगे बागसेवनिया में भी आधा दर्जन मरीज मिल चुके हैं। जेके रोड स्थित निजामुद्दीन कॉलोनी में 4 मरीज मिले हैं। बाकी कॉलनियों में 1-2 मरीज हैं। बता दें कि साकेत नगर में पिछले साल भी ज्यादा मरीज मिले थे। कोलार, कोटरा सुल्तानाबाद और नेहरू नगर में भी मरीज मिले थे। एक्सपर्टस की माने तो दिन में भी मच्छरदानी लगाएं, क्योंकि डेंगू फैलाने वाला मच्छर दिन में काटता है। फुल कपड़े पहनें। घरों में पानी जमा न होने दें।

प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव दीपिका कंवर ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ली बैठक

बैठक में प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव दीपिका कवर का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया गर्मजोशी से स्वागत

नेनाराम सिरवी ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे

पाली। रानी स्थित कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव एवं पंचायत सामिति सदस्य दीपिका कंवर हुकमसिंह आकडबास ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर महिलाओ सहित सभी कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कांग्रेस को मजबूत करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा जन हित में जारी सभी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाकर उन्हें लाभान्वित करने की अपील की।उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के कार्य करवाने के लिए उनसे संपर्क करें ताकि वे उनकी मदद कर सहायता कर सके। दीपिका कवर आकड़ावास ने पेयजल की सम्भावित समस्या पर बोलते हुए कहा कि

क्षेत्र में सभी जगह आवश्यकता अनुसार अलग अलग स्रोतों के माध्यम से हर जगह पानी पहूंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पेयजल की समस्या के प्रति गंभीर है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए अब भी बारिश होने की बात कही। बैठक में पूर्व उप प्रधान हिम्मत मालवीय,पूर्व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बशीरुद्दीन चढ़वाह, पूर्व पार्षद कमला पुरोहित, ललितसिंह पुनाडिया ने कांग्रेस संगठन की कमजोर हालात पर अफसोस करते हुए नेताओं से अब भी जागने की अपील करते हुए मांग की है कि अब भी जिला व ब्लॉक कमेटियों का गठन करदिया जाता है तो जमीनी कार्यकर्ताओं में कांग्रेस के प्रति विश्वास बढ़ सकता है। वक्ताओं ने युवक कांग्रेस में जिला व ब्लॉक कमेटियों का गठन कर कांग्रेस को मजबूत करने की सलाह दी।

यह भी रहे मौजूद

इस अवसर पर पार्षद रेखा माली, कपूराराम प्रजापत, महिला ब्लॉक अध्यक्ष सरोजकंवर शेखावत , डॉ राजेश महात्मा , मदनलाल पंवार , प्रेमचंद बुनकर , जीवनसिंह सांदू , शिवलाल सोनी,बाबुलाल सुथार, मिश्रीलाल घांची, जगाराम मेघवाल,एडवोकेट दिनेश पारंगी, ओगड़राम राईका, शाहरुख खान पठान, शिवलाल हीरागर , सहराजबानो मकरानी, पोनी देवी माली, विमला लोहार ,ककु देवी, गीता रबारी समेत कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

मेहगांव विधानसभा के 260000 मतदाता ही मेरा परिवार है उनकी सेवा करना मेरा लक्ष्य है -ओ पी एस भदौरिया

ब्यूरो रिपोर्ट, पुष्पांजली टुडे

मेहगांव । ग्राम पंचायत पचेरा के बहारपुरा में आज मध्यप्रदेश सरकार के राज्यमंत्री ओ.पी.एस, भदौरिया विधायक और मंत्री बनने के बाद प्रथम बार पधारे मंत्री जी का ग्रामीणों ने गरम जोशी के साथ स्वागत किया इस अवसर पर राज्य मंत्री ओ पी एस भदौरिया ने कहा कि मैंहगांव विधानसभा के दो लाख साठ हजार मतदाता ही मेरा परिवार है उनकी सेवा करना मेरा लक्ष्यहै मध्यप्रदेश सरकार दलित असहाय और गरीबो के हित में काम कर रही हैं हाल ही में मुख्यमंत्री जी ने छात्राओं के लिये एक घोसड़ा की है चाहे किसी भी वर्ग की बालिका हो जैसे ही इंटर पास करके कॉलेज में प्रवेश

करेगी उसे मध्यप्रदेश सरकार बीस हजार रुपये एक मुश्त देगी बाहरपुरा में नवीन आंगनवाड़ी और गांव की सड़क को मैंन रोड से जोड़ने के लिए पत्रकारों से कहा कि इस कार्य को मुख्यमंत्री जी को अवगत कराएंगे एवं इसे जल्द से जल्द पूरा कराएंगे इसी क्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच बंटी त्यागी ने कहा कि में अपनी ग्राम पंचायत के विकाश कार्य के लिये कोई भी कसर नही छोड़ूंगा इसी कार्यक्रम के साथ मे मंत्री ओ.पी.एस भदौरिया ने वृक्षारोपड किया इस अवसर पर बंटी सरपंच सोनू परिहार उमेश समाधिया पूर्व सरपंच पिडोरा रज्जन सिंह भदौरिया मानहड़,पूर्व सरपंच रमेश भारद्वाज पतलोखरी सुवम शर्मा सोनी निर्मल आर्य पूर्व नगरपरिषद अध्यक्ष गोरमी, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बच्चे पर कुल्हाड़ी से हमला कर,जान से मारने की कोशिश करने वाले 307 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अरुण सुवला क्राइम ब्यूरो चंबल डिवीजन
पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । मौ थाना अंतर्गत ग्राम गुहीसर में 2 दिन पूर्व मंगलवार शाम को विक्की पिता रघुवीर खटीक उम्र 16 साल को गांव के ही व्यक्ति ने कुल्हाड़ी के द्वारा जान से मारने की कोशिश की परंतु मौ थाना पुलिस और थाना108 इमरजेंसी एंबुलेंस के पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी की तत्परता से उस बच्चे को समय पर ग्वालियर जय रोग अस्पताल पहुंचाकर बच्चे की जान बचाई, उस नब किशोर विक्की के हमलावर को पुलिस ने गुरुवार सुबह मुखबिर की सूचना के आधार पर 307 के गंभीर आरोपियों को गिरफ्तार करने गांव पहुंचे, जिसमे रविंद्र पिता रामअवतार जाति खटीक दूसरी महिला आरोपी इंद्रा पति रघुनाथ जाति खटीक को, गांव से पकड़ कर थाना लाई, हमलावर ने अपना आरोप कबूल कर लिया है और उसने बताया कि किस तरह उसने घटना को अंजाम दिया

इनकी रही सराहनीय भूमिका

मौ थाना पुलिस के नगर निरीक्षक शिव सिंह यादव, सब इंस्पेक्टर (ह्यू.हू.) उपेन्द्र धाकड़,नितेश मावई,डुब्बाद्व, विनोद सोलंकी, ए.एस.आई, नेतराम, प्रधान आरक्षक सुभाष,अजय शर्मा आरक्षक जितेंद्र यादव,आरक्षक गंधर्व गुर्जर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 307 की आरोपियों को समय रहते पकड़ कर थाने लाया गया

पोछा लगाते समय गीले हाथो से पंखे का प्लग लगाते समय विवाहिता को लगा करंट, मौत

भोपाल। राजधानी के ऐशबाग थाना इलाके मे करंट लगने से विवाहिता की मौत हो गई। बताया गया कि महिला फर्श पर पोछा लगाते समय ही गीले कपड़े को हाथ में लेकर पंखे का प्लग लगा रही थी। तभी उसे करंट लग गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महामाई का बाग मे रहने वाली गीता बाई पति स्वर्गीय महेश खटीक (50) घरेलू महिला थीं। बीती रात वो बहू के साथ घर पर थी, उस समय उनका बेटा बाहर था। गीताबाई ने रात करीब 11 बजे सोने से पहले बिस्तर बिछाने के लिए फर्श पर पोछा लगाया। पोछा लगाने के बाद गीले फर्श को सुखाने के लिये उन्होंने पंखा चालू करना चाहा। इसके लिए उन्होंने गीले हाथो ओर हाथ मे गीला कपडा पकडे हुए ही प्लग लगाने लगी। पंखे का प्लग लगाते ही उन्हे करंट का झटका लगा, जिससे वह फर्श पर बेसुध होकर गिर गई। उनकी चीख पुकार सुनकर बहू पड़ोसियों की मदद से उन्हे तुरंत ही इलाज के लिये हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची। जहां, डाक्टर ने शुरुआती चेकअप के बाद ही उन्हे मृत घोषित कर दिया।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा 5 सितंबर को मनाएंगे अपना अधिकतम सदस्यता दिवस के रूप में

ग्वालियर-अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ग्वालियर जिले की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में मुख्य रूप से संगठन की सदस्यता को लेकर रणनीति बनाई गई बैठक में मुख्य रूप से मध्य भारत प्रांत के अध्यक्ष श्री विजय गंभीर जी उपस्थित रहे श्री विजय गंभीर जी द्वारा बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक सदस्य बनाने के लिए विभिन्न सुझाव दिए गए साथ ही ग्वालियर जिला अध्यक्ष श्रीमती आशा सिंह जी द्वारा यह सुझाव दिया गया कि 5 सितंबर को ग्वालियर जिले में बड़े स्तर पर अधिकतम सदस्य बनाने का कार्य किया जाएगा,, इसके अतिरिक्त बैठक में उपस्थित ग्वालियर जिला सचिव श्री लोकेंद्र मिश्रा जी द्वारा बैठक में उपस्थित सभी

कार्यकर्ताओं को ऑनलाइन सदस्यता का प्रशिक्षण दिया गया एवं बैठक में ही सभी सदस्यों ने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत संगठन की सदस्यता ग्रहण करके ग्वालियर जिले में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की सदस्यता का श्रीगणेश किया

इस दौरान जिला प्रचार प्रमुख श्री अजय गजेंद्र इंग्ले, जिला प्रचार प्रमुख श्री श्याम श्रीवास्तव, जिला कार्यसमिति सदस्य श्री प्रताप नारायण प्रजापति, श्री सुनील श्रीवास्तव,, श्रीमती नीलम गुप्ता, लश्कर इकाई संयोजिका श्रीमती सुधा बेस, श्रीमती भारती श्रीवास्तव , लश्कर इकाई सचिव श्री सचिन गौतम, ग्वालियर इकाई सह सचिव श्री मुन्ना लक्षकार, श्री भरत प्रजापति, सक्रिय कार्यकर्ता श्री सुरजीत राजावत, श्री हेमंत भदौरिया, श्री विवेक चौहान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कारंजा- कुल्पा , पानी टंकी सह पाईप लाइन विस्तारीकरण कार्य का भूमि पूजन संपन्न

रितेश कटरे ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे

बालाघाट।जिले की लांजी-क्षेत्र के ग्राम पंचायत कारंजा में 2 सितंबर को 331.99 लाख की लागत से कारंजा व कुल्पा के लिए पानी टंकी व पाइप लाइन विस्तारीकरण कार्य का भूमि पूजन क्षेत्र विधायक सुश्री हिना कावरे के मुख्य आतिथ्य व भागवत भाऊ? नगपूरे पूर्व विधायक, देवेन्द्र खोंगल पूर्व जनपद अध्यक्ष, अजय अवसरे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, राजु मेंढे जनपद सदस्य, धर्मेन्द्र चुटे ग्राम प्रधान की मुख्य मुख्य उपस्थिति में पूजा अर्चना कर किया गया।

राइट टू वाटर मिशन कमलनाथ जी की सोच थी- हिना कावरे

भूमि पूजन समारोह के पश्चात उपस्थितजनों को मंच से विधायक सुश्री हिना कावरे ने संबोधित करते हुए कहा कि राइट टू वाटर मिशन कमलनाथ जी की सोच थी। उसी सोच के अनुसार क्षेत्र में जल मिशन योजना के तहत यह कार्य स्वीकृत कराए गए थे किंतु कोरोना काल के चलते हम 2 साल पीछे हो गए हैं। भूमि पूजन तो हो गया किंतु निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ हो इसका ध्यान आपको रखना है। पूर्व की 15 माह में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में विकास कार्य तेजी से हो रहे थे। किंतु सरकार बदलने से विकास कार्य अवरुद्ध हुए हैं। प्रदेश सरकार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। यूरिया व डीएपी की किल्लत बनी हुई है। जिसका सीधा असर फसल उत्पादन पर पड़ेगा। क्षेत्र के नहरों की समस्याओं को लेकर विधानसभा सत्र में रखी गई है। खरीफ का सीजन तो जैसे - तैसे निपट जाएगा, किंतु आगे रबी फसल की तैयारी करनी होगी, यदि कोई दुकानदार महंगा खाद - बीज बेचता है तो शिकायत करनी होगी। बिजली - खाद - पानी व किसानों के हित के लिए लड़ाई लड़नी पड़ी तो लड़ेंगे।

प्रदेश सरकार को कोरोना का समय आपदा में अवसर मिल गया है । कर्मचारियों व किसानों द्वारा लगातार आंदोलन करने के बाद भी प्रदेश सरकार गूंगी बनी हुई है। आपने सरपंच की 10 सूत्रीय मांगों का निराकरण करने का आश्वासन देते हुए कहा कि टोलों में

बसे हुए कारंजा व क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सुश्री हिना कावरे ने परमपिता परमात्मा से यह भी प्रार्थना की कि कोरोना की तीसरी लहर ना आए वह सभी स्वस्थ रहे ताकि विकास को गति मिल सके।

पूर्व विधायक भागवत भाऊ नगपुरे ने नहरों, पुलियों? व सड़कों की समस्याओं से अवगत कराते हुए कारंजा - कुल्पा को नल - जल योजना की स्वीकृति दिलाने पर धन्यवाद भी ज्ञापित किया। देवेंद्र खोंगल ने कहा कि कारंजा पंचायत विकास की ओर अग्रसर है और नल - जल योजना की सौगात मिल गई है। नहरो की समस्या व खाद बिजली - पानी की समस्या संबंधित समस्याओं से विधायक कावरे को अवगत भी कराया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय अवसरे ने लांजी - राजेगांव, लांजी - आमगांव, लांजी - गोंदिया मार्ग व अन्य उपलब्धियों को गिनाते हुए प्रदेश व केंद्र की भाजपा शासित सरकार को आड़े हाथों लिया और कहां की सड़कों के निर्माण के साथ जल्द ही क्षेत्र को उद्योग - धंधे की सौगात मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन सचिव संतोष बैंस ने व आभार ग्राम प्रधान धर्मेंद्र चुटे ने व्यक्त किया।

इनकी रही उपस्थिति कार्यक्रम के दौरान

हिना कावरे विधायक लांजी भागवत भाऊ नगपुरे पूर्व विधायक, देवेंद्र खोंगल पूर्व जनपद अध्यक्ष, भरत कालबेले सचिव असंगठित कामगार कॉन्ग्रेस, अजय अवसरे अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी, राजू मेंढे जनपद सदस्य कुल्पा, विनोद उमरे उपसरपंच पाल डोंगरी, खेमराज ठाकरे, धर्मेंद्र चुटे सरपंच कारंजा, तोमेश्वर नाईक, विद्या ठाकरेला सरपंच सिंगोला, खेमराज मच्छिरके, पंडित अयोध्या प्रसाद उपाध्याय, गंगाधर शिवणकर, सहदेव नंदनवार, युवराज दहीकर, रमेश चूटे, घनश्याम फुंडे, सदाशिव तरोने, गिरधर फाये, रामेश्वर बिल्थरे, ईश्वरदास घोरमारे एवं आसपास दूरदराज से आए हुए गणमान्य लोग उपस्थित थे।

नैनो न्यूज

ड्राइवर फांसी पर झूला

ग्वालियर। उपनगर मुरार के एचएच चौराहे पर रहने वाले एक युवक ने बीती रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह का युवक का शव फांसी पर लटका मिला।पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार मुरार थाने के एचएच चौराहा निवासी जितेंद्र पुत्र शिवराम राजपूत पेशे से ड्राइवर हैं। रात को गाड़ी चलाकर घर लौटेऔर खाना काने के बाद वह सोने के लिए अपने कमरे में चला गया। सुबह जब बेटी पिता को जगाने के लिए कमरे गई। पिता का शव फांसी पर लटका देखकर उसकी चीख निकल गई।तभी पड़ोसी भी आ गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद शव को डेड हाउस। चालक के शव का पीएम कराने के बाद स्वजन को सौप मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है।

बहन के घर आए भाई की सर्पदंश से मौत

ग्वालियर। शहर के यूनिवर्सिटी थाने के सिंधिया नगर निवासी बहन के घर मिलने आए भाई की सांप के काटने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। जानकारी के अनुसार नाकाचंद्रबदनी इलाके में निवासी मुन्नालाल सोनी का 18 साल का बेटा जानू सोनी दो दिन पहले सिंधिया नगर निवासी बहन के घर मिलने के लिए गया था। रात अधिक होने के कारण बहन ने उसे रोक लिया। रात को सोते समय जहरीली सांप ने उसे डंस लिया। घरवालों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

जीजा ने दोस्त के साथ मिलकर किया साली से दुष्कर्म

ग्वालियर। जिले के भितरवार थाना क्षेत्र में बहन की डिलीवरी में मदद करने आई युवती के साथ उसके जीजा और दोस्त ने जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया ।विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार ग्वालियर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के इस्लामपुरा निवासी 19 वर्षीय एक युवती की बड़ी बहन भितरवार में रहती हैं ।कुछ दिन पहले बड़ी बहन ने उसे बताया कि उसकी डिलीवरी होने वाली है और वह मदद के लिए घर आ जाए ।इसके बाद युवती बहन की मदद करने के लिए बस से भितरवार पहुंची और बस स्टैंड पर उसे लेने के लिए उसका जीजा कालू उर्फ निसार खान आया ।उसे बाइक से लेकर चल दिया रास्ते में उसने बताया कि उसे अपनी पत्नी के कपड़े उठाने हैं ।और वह युवती को एक मकान में ले गया यहां पर कालू का मित्र प्रदीप रावत भी था । कालू और प्रदीप उसे जबरन मकान के अंदर ले गए अंदर पहुंचते ही कालू ने उसका मुंह दबाया और प्रदीप ने हाथ पकड़ कर उसके बाद दोनों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया ।बाद में किसी तरह युवती थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई ।पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

दो मकानों से हजारों का माल चोरी

ग्वालियर। शातिर चोर शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 2 मकानों से नकदी गहने सहित हजारों का माल चोरी कर ले गए। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार मुरार थाना क्षेत्र के काली माई संतर निवासी जितेंद्र कोली बीते रोज खाना खाकर अपने कमरे में सो गए थे। तभी छत के रास्ते उनके मकान में चोर घुस आया और घर से 40,000 की नगदी तथा गहने चोरी कर ले गया ।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद चोरी का मामला दर्ज कर लिया है ।वहीं ग्वालियर थाना क्षेत्र के रानीपुरा स्थित सोना गार्डन के पास रहने वाले दौलतराम के मकान में चोर घुस गए और कमरे से गैस सिलेंडर मोबाइल तथा कीमती सामान समेट ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

अपराध रोकने सख्ती से निपटा जाए तथा मादक पदार्थ की तस्करी एवं अवैध हथियारों के मामले में हो सख्त कार्रवाई: डीजीपी

पुलिस महानिदेशक ने ली ग्वालियर-चम्बल जोन केअपराधों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक

ग्वालियर। पुलिस कंट्रोल रूम ग्वालियर में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी,ने ग्वालियर-चम्बल जोन के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की कानून व्यवस्था एवं अपराध समीक्षा संबंधी बैठक ली। इस बैठक में ग्वालियर जोन के पुलिस महानिरीक्षक अविनाश शर्मा,एवं चम्बल जोन के प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक सचिन अतुलकर, तथा ग्वालियर-चम्बल जोन के जिलों के पुलिस अधीक्षकगण एवं कमाडेंट उपस्थित रहे। पुलिस महानिदेशक द्वारा बैठक के प्रारम्भ में उपस्थित पुलिस अधिकारियों से उनका परिचय प्राप्त किया तद्उपरान्त इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था माकूल रखने सम्बंधी विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सर्वप्रथम पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन द्वारा पॉवर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से जोन के समस्त जिलों के अपराधों के संबंध में पुलिस महानिदेशक को विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस महानिदेशक द्वारा अपराधों की जिलेवार समीक्षा करते हुए लंबित अपराधों के त्वरित निकाल कराने के निर्देश सभी संबंधित पुलिस अधीक्षकों को दिये। डीजीपी द्वारा पुलिस आवासों केसंबंध में भी समस्त जिलों के एसपी से चर्चा की गई। उनके द्वारा लंबित विभागीय जांच तथा अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश भी समस्त जिले के पुलिस अधीक्षकों को दिये। पुलिस महानिदेशक ने बैठक के दौरान कहा कि महिला तथा एससी/एसटी के लंबित प्रकरणों की विवेचना समय-सीमा में पूर्ण की जावे, जिससे पीड़ित को समय पर न्याय मिल सके। इस अवसर पर उन्होने कहा कि थानों में आने वाले पीड़ित की सहानुभूति के साथ सुनाई की जावे तथा एफआईआर दर्ज करने के बाद विवेचना शीघ्रता से कर प्रकरण का निकाल किया जावे। उन्होने दो पहिया वाहन चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिये प्रभावी कार्य योजना तैयार करने के निर्देश समस्त जिलों के एसपी को दिये। पुलिस महानिदेशक द्वारा ग्वालियर जोन में एससी/एसटी के राहत प्रकरण के अच्छे निकाल तथा गुम बालक/बालिकाओं के पतारसी के लिये समस्त पुलिस अधीक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि यह पीड़ित के लिये एक अच्छा कार्य है। ग्वालियर जिला ई-एफआईआर करने में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है इसके लिये पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को पुलिस महानिदेशक द्वारा बधाई दी गई। ग्वालियर पुलिस द्वारा प्रारंभ किये गये ''सशस्त्र बल हेल्प डेस्क'' तथा ''माय ट्रेफिक माय सेफ्टी'' एप की भी सराहना की। अज्ञात हत्याके प्रकरणों की पतारसी के लिये भी पुलिस महानिदेशक द्वारा ग्वालियर पुलिस की सराहना की गई।उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों को शेष लंबित अपराधों के निकाल व वारंट तामीली के लिये अधिक से अधिक प्रयास करने के निर्देश भी दिये। बैठक में पुलिस महानिदेशक ने उपस्थित ग्वालियर-चम्बल जोन के समस्त पुलिस अधीक्षकों को अवैध गतिविधियों व माफियाओं पर लगाम लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

भाई से शादी कराने के लिए महिला कर ले गई थी नाबालिग का अपहरण, बंधक बनाकर रखा

ग्वालियर। 15 दिन पहले झांसी रोड से लापता हुई 12 वर्षीय बालिका का अपहरण एक गर्भवती महिला ने किया और उसे अपने साथ लेकर हरियाणा के रोहतक पहुंची। यहां अपने भाई से जबरन शादी करा दी। बालिका को बंधक बनाकर घर में रखा गया था। क्राइम ब्रांच की टीम ने बालिका को रोहतक से बरामद कर लिया है। साथ ही अपहरण करने वाली महिला, उसके पति और भाई को हिरासत में लिया है। बालिका के परिजनों को भी पुलिस ने उसके मिलने की सूचना दे दी है। झांसी रोड थाना क्षेत्र में एक झोपड़े में 12 वर्षीय बालिका अपने परिवार के साथ रहती थी। बालिका के पिता ई-रिक्शा पर दुकान चलाते हैं। 18 अगस्त को बालिका यहां खेल रही थी, खेलते-खेलते वह लापता हो गई। रात तक जब उसका कुछ पता नहीं लगा तो परिजनों ने उसे ढूंढ़ना शुरू किया।

बाड़े में गाय का बछड़ा घुसने पर लाठी-डंडों से हमला कर फायरिंग

ग्वालियर। ग्वालियर में पड़ोसी के घर के बाड़े में गाय का बछड़ा घुसने के कारण विवाद हो गया। विवाद के दौरान एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के लोगों पर लाठी-डंडों से हमला कर फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान एक गोली पड़ोसी के पैर में जा लगी। साथ ही 2 लोग मामूली रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल पुलिस ने हमलावर पक्ष के आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, ग्वालियर के घाटीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम रेहट में रहने वाले पुरुषोत्तम व्यास का गाय का बछड़ा पड़ोस में रहने वाले व्यास फैमिली के बाड़े में घुस गया। इससे नाराज होकर पड़ोसी जीतू व्यास, कंसारी व्यास, दिलीप, हरिओम, गूमा टिकला और अखिलेश व्यास ने मिलकर पुरुषोत्तम व्यास के परिजनों से गाली गलौज कर लाठी-डंडों से हमला कर फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान एक गोली चेतन व्यास के पैर में जा लगी और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर जा पहुंची। जहां पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं हमला करने वाले पड़ोसी फरार हो गए। फिलहाल पुलिस ने हमला करने वाले 6 लोगों के खिलाफ हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

शराब का ठेका दिलवाने के नाम रिश्तेदार को 25 लाख की लगाई चपत

ग्वालियर। ग्वालियर के विनय नगर में रहने वाले राकेश बंसल पुत्र नेमीचंद बंसल (40) से दो व्यक्ति राकेश नागौर और दीपक बंसल ने शराब का ठेका दिलाने का लालच देकर 25 लाख रूपये ठग लिए। अब पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। व्यापारी ने दोनों ठगों के खिलाफ पडाव थाने में शिकायत दर्ज कराई है। व्यापारी राकेश बंसल ने बताया कि वह दोनों ठगों को काफी समय से जानते है। साल 2017 में दोनों ठगों ने व्यापारी से कहा था कि उन्हें एक शराब का ठेका मिल रहा है। अगर व्यापारी चाहे तो वे उसे ठेका दिला सकते हैं। ठेका दिलाने के 25 लाख रूपये लगेंगे और व्यापारी को कोई भी कागजी कार्यवाही नहीं करनी पडेगी। दोनों ठगों ने कहा कि उनकी आबाकारी विभाग में अच्छी जान पहचान है। व्यापारी ने लालच में आकर 25 लाख रूपये ठगों को दे दिए। काफी समय बाद जब ठेका नहीं मिला तो व्यापारी को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। व्यापारी ने पैसे वापस मांगे तो ठग आजकल की कहकर टालने लगे, जब व्यापारी ने दबाव बनाने की कोशिश की तो ठग जान से मारने की धमकी देने लगे। परेशान होकर व्यापारी ने पड़ाव थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

बरार समाज सामुदायिक भवन का भूमि पूजन विधायक प्रवीण पाठक ने किया

ग्वालियर। ग्वालियर में सिंधी कालोनी स्थित बरार समाज के सामुदायिक भवन के पास नवीन भवन के लिये भूमि पूजन क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पाठक ने किया। इस अवसर पर छोटी बच्ची मिष्ठी झसेले ने विधायक के साथ्स भूमि पूजन किया। इस मौके पर समाज के बुजुर्ग एवं युवा साथी व कांग्रेस पार्टी के नेता भी मौजूद थे। भूमि पूजन के उपरांत बरार धानुक समाज के लोगों ने विधायक प्रवीण पाठक का फूल मालाओं से स्वागत किया। विधायक प्रवीण पाठक ने इस मौके पर संबोधित करते हुये कहा कि आगे आने वाले चुनावों में समाज से चुनाव लडने वालों को कांग्रेस पूरा समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि वह सभी समाज के लिये में सेवा के लिये तैयार हूं। उन्होंने कहा कि इस नवीन भवन में समाज के विवाह समारोह जैसे कार्यक्रम भी संपन्न होंगे। इस अवसर पर बरार समाज के वरिष्ठ समाज सेवी शंकर झसेले, नरेश लुडेरे, खेमचंद वेदोरिया, देवी प्रसाद भरदेले, पीडी धानुक , मुकेश धानुक, ब्रिजेश धानुक, घनश्याम गुडसेले, ओमप्रकाश वेदोरिया, हीरालाल झसेले, सोनू वर्मा, रमाशंकर झसेले, आनंद भदेले, रविराज लुडेले, वीरू पहाडिश, कपिल धन्तोलिया, प्रकाश मुठेले, लखन दानदे, राजकुमार सैन्या, वीरू गुडसेले, अरविंद वर्मा, बृजकिशोर लुडेले, डॉ. रविन्द्र, धनराज लुडेरे, वृंदावन कोठारी, केशव झसीलिया, सतीश वंशाकार, रामू, हुकुम सिंह, चन्द्रशेखर वेदोरिया, भगवती गुढसेले, जितेन्द्र वर्मा, रवि गुडसेले, जगदीश भरदेले आदि मौजूद थे।

गोली चलाकर बर्थडे सेलिब्रेशन: तलवार से केक काटा, बंदूक और राइफल से की फायरिंग

ग्वालियर। ग्वालियर में जन्मदिन पर तलवार से केक काटने और कट्टा-राइफल से फायरिंग करने का मामला सामने आया है। रंगादारी दिखाने के लिए युवकों ने अपना ही वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। वीडियो में बर्थडे बॉय तलवार से एक-एक करके कई केक काट रहा है। जन्मदिन पार्टी में शामिल हुए कुछ युवक राइफल और बंदूक से फायरिंग कर रहे हैं। वीडियो सामने आने पर पुलिस ने पड़ताल की तो यह बहोड़ापुर के घोसीपुरा का निकला है। इसके बाद पुलिस ने बर्थडे बॉय और फायरिंग करने वालों में से एक युवक को हिरासत में लिया है। फिलहाल उनसे पूछताछ की जा रही है।

बहोड़ापुर थाना पुलिस को बुधवार शाम एक वीडियो मिला। वीडियो को विवेक नाम के लड़के ने सोशल मीडिया पर अपलोड किया था। इसमें बर्थ-डे पार्टी में तलवार से केक काटा जा रहा था और खुलेआम फायरिंग की जा रही थी। जब पुलिस ने वीडियो की पड़ताल शुरू की तो वीडियो घोसीपुरा में रहने वाले जयंत सिंह चंदेल का होना पता चला। मंगलवार को उसका जन्मदिन था।

जन्मदिन पर उसने पार्टी का आयोजन किया था। जयंत के कुछ दोस्त केक भी साथ

लेकर आए थे। सभी केक को लाइन से एक टेबल पर रख दिया गया था। इसके बाद शुरू हुआ जश्न का माहौल, बर्थ-डे बॉय ने तलवार ली और एक-एक करके सभी केक को काटा। इसी दौरान एक दोस्त ने कट्टे और दूसरे ने राइफल से फायरिंग कर दी। अचानक हुई फायरिंग से मोहल्ले वाले भी दहशत में आ गए। जो लोग घरों के अंदर सो रहे थे, वह जागकर बाहर आकर देखने लगे। पता चला कि जन्मदिन की पार्टी चल रही है।

इन्हीं में से किसी ने फायरिंग और तलवार से केक काटने का वीडियो बनाया था। जिसे बाद में सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। पुलिस ने वीडियो सामने आने के बाद जयंत सिंह चंदेल और उसके साथी विवेक ओझा को हिरासत में ले लिया है। मामला भी दर्ज कर लिया गया है।

इंस्टाग्राम पर लाइव होकर अवैध कट्टा और कारतूस दिखाए: शहर में एक दूसरा वीडियो भी सामने आया है। एक युवक इंस्टाग्राम पर लाइव होकर कट्टा और कारतूस दिखा रहा है। इसके साथ ही वह किसी को गोली मारने के लिए धमका भी रहा है। एक अन्य वायरल वीडियो में युवक छत पर खड़े होकर राइफल से एक के बाद एक फायर कर रहा है। उसके पास ही एक अन्य युवक भी बंदूक लिए खड़ा है। पुलिस इन वीडियो की भी पड़ताल कर रही है।

दहेज के लिए 2 शादियां: खुद को इंजीनियर बताया; एक में 25 लाख और दूसरी शादी में 15 लाख रुपए लिए

ग्वालियर। ग्वालियर में दहेज के लिए दो शादी करने का मामला सामने आया है। 32 साल के युवक ने पहली शादी में 25 लाख रुपए और दूसरी शादी में 15 लाख रुपए दहेज में लिए। एक शादी उत्तर प्रदेश के उरई और दूसरी शादी आगरा में की। खुद को दोनों जगह सॉफ्टवेयर इंजीनियर बताया था। पहली पत्नी विवाद के चलते मायके में रह रही है। शादी के दो महीने बाद दूसरी पत्नी घर की सफाई कर रही थी तो उसे पहली पत्नी की फोटो और कोर्ट में चल रहे केस के दस्तावेज मिले। इससे खुलासा हुआ कि युवक पहले से शादीशुदा है। दोनों महिलाओं ने थाने पहुंच कर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। मामला प्रेमनगर का है। गुरुवार को पड़ाव थाने पहुंची पहली पत्नी रीता कुशवाहा (24) ने बताया कि तरुण सिंघासिया ने शादी से पहले बताया था कि वह बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। 15 दिसंबर 2018 में शादी की

थी। दहेज में 25 लाख रुपए, जेवर और सामान दिया था। शादी के बाद दोनों के बीच सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहा। एक बार अपने मायके उरई जाने के बाद वह ससुराल वापस आई तो उसके ससुर सत्यप्रकाश सिंघासिया उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। उसने यह बात पति को बताई। पति ने कुछ भी एक्शन नहीं लिया तो वहां मायके वापस चली गई। रीता ने उरई की कोर्ट में दोनों बाप-बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कराया. यह मामला विचाराधीन है।

ऐसे खुला राज

तरुण ने पहली शादी का मामला कोर्ट में जाने के बाद आगरा की रहने वाली नम्रता कुशवाहा (22) को झांसे में लिया। उसने उसे भी खुद को सॉफ्टवेयर इंजीनियर बताया। 2 जुलाई 2021 को शादी कर 15 लाख रुपए दहेज में लिए। नम्रता ने थाने में बताया कि कुछ दिन पहले वह घर की सफाई कर रही थी तभी उसके हाथ में फोटो और कुछ दस्तावेज आए। तब उसे पता चला कि तरुण पहले से शादीशुदा है। नम्रता ने रीता से संपर्क किया। इसके बाद धोखा खाई दोनों युवतियां थाने जा पहुंचीं। दोनों ने बताया कि तरुण कुछ नहीं करता है। पहली पत्नी रीता कुशवाहा का कहना है कि शादी पूरे रीति रिवाज से होने के साथ-साथ दहेज में 25 लाख रुपए और सामान दिया था। वहां चौथी कर जब अपने ससुराल वापस आई तो उसका ससुर सत्यप्रकाश सिंघासिया उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। जब उसने इस बात के बारे में पति को बताया तो उसने कुछ भी एक्शन नहीं लिया तो वहां मायके वापस चली गई।

थाना प्रभारी ने जांच कर कार्रवाई करने की कही बात: इस संबंध में पड़ाव थाना प्रभारी विवेक अद्वाना का कहना है कि दोनों युवतियां थाने आई थीं। तरुण नाम के एक युवक पर दोनों से शादी करने का आरोप लगाया है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478